संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-192 मंगलवार,14 मई 2024,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### अरविंद केजरीवाल बने रहेंगे मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्पाद नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह दिल्ली के उपराज्यपाल पर निर्भर है कि अगर वह चाहें तो कार्रवाई करें, लेकिन हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

### भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या



» पत्रकार पर ताबड़तोड़ गोलीबारी

**जौनपुर,13 मई 2024(ए)।** जौनपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र के सबरहद बाजार में सोमवार सुबह अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने भाजपा नेता और सुदर्शन न्यूज के संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशुतोष श्रीवास्तव (45) भाजपा कार्यकर्ता थे। वह सुबह बाइक से प्रचार के लिए निकले थे। सुबह करीब नौ बजे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्‍हें रोका और चार अन्य लोग भी वहां आ गए। उन्होंने भाजपा नेता पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी।

### पुलिस वाहन ने रौंदा,बुजुर्ग की मौत



**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** राष्ट्रीय राजधानी के सरोजनी नगर इलाके में सोमवार तड़के दिल्ली पुलिस के एक तेज रफ्तार वाहन ने एक 58 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी बैजनाथ उर्फ राजेश गुप्ता के रूप में हुई है।

# 10 राज्यों की 96 सीटों पर 62.56 प्रतिशत वोटिंग

» सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 75.72 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 35.97 प्रतिशत मतदान...



**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार को 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। 62.56 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 75.72 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 35.97 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हुआ।

### वोटिंग के दौरान 3 लोगों की मौत

चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हुई है। पश्चिम बंगाल के बोलपुर में वोटिंग से एक दिन पहले टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या हो गई। टीएमसी ने सीपीआई मर्थकों पर बम धमाके का आरोप लगाया है। दुर्गापुर में भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है।

बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में ले लिया। महाराष्ट्र के बीड में एक न्यूज चैनल के पत्रकार की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

### आंध्र में विधायक-वोटर ने एक-दूसरे को थप्पड़ मारे, कांग्रेस प्रत्याशी के भाई ने शख्स को लात मारी

आंध्र प्रदेश के गुंटूर से वाईएसआर कांग्रेस के एमएलए अन्नाबाथुनी शिवकुमार ने एक बूथ पर वोटर को थप्पड़ जड़ दिया। जवाब में वोटर ने भी उन्हें थप्पड़ मारा। इसके बाद विधायक समर्थकों ने शख्स की पिटाई कर दी। शख्स ने विधायक को कतार में नहीं आने पर टोका, जिस पर विवाद हुआ।

आंध्र प्रदेश में ही वोटर के साथ दुर्व्यवहार का एक दूसरा मामला सामने आया है। जहीराबाद के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश शेतकर के भाई नागेश शेतकर ने एक वोटर को लात मारी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसके बाद वोटर की बाइक गिरा दी गई, जब वो उठाने गया तो उसे शेतकर ने पैर से मारा।

### माधवी लता पर डमी ईवीएम का उपयोग करने का आरोप, केस दर्ज

हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता पर डमी ईवीएम से वोटर को भ्रमित करने का आरोप लगा है। हैदराबाद के मंगलहाट पुलिस ने उनके और भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने दो भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। बाद में माधवी लता पुलिस स्टेशन पहुंची और कार्यकर्ताओं को छुड़ाकर वापस ले आईं। साथ में डमी ईवीएम भी अपने साथ ले गईं।

### एमपी के खरगौन में वीवीपैट मशीन खराब, एक घंटे तक मतदान प्रभावित

मध्य प्रदेश के खरगोन के शहरी क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस चौराहा स्थित बूथ क्रमांक 124 की वीवीपैट मशीन खराब होने से करीब एक घंटा मतदान प्रभावित रहा। मशीन को बदलने के बाद मतदान शुरू हो पाया।

### पश्चिम बंगाल में दिलीप घोष की गाी पर पथराव, दो सुरक्षाकर्मी घायल

पश्चिम बंगाल के वर्धमान में भाजपा नेता दिलीप घोष की गाड़ी पर पथराव हो गया। हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

### माधवी लता ने बूथों पर गड़बड़ी का आरोप लगाया

तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने 90 फीसदी बूथों पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- पुलिस महिला सिपाहियों को वोटर आईडी से चेहरा जांचने का निर्देश नहीं देना चाहती। जब मैंने पुलिस अधिकारी से पूछा तो उन्होंने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है।

### पूनम सिन्हा ने कहा- शत्रुघ्न सिन्हा जीतेंगे

आसनसोल से टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पुनम सिन्हा ने कहा- मैंने उनकी (शत्रुघ्न सिन्हा) जीत के लिए प्रार्थना की है, और वह अपने नाम को कायम रखें। हमारी लड़ाई हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए है क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक देश हैं और हम एक लोकतांत्रिक देश बने रहेंगे। शासक ने अपनी गरिमा खो दी है।

# CBSE Board का रिजल्ट हुआ घोषित

» 12 वीं और 10 वीं दोनों क्लास में लड़कियों का रिजल्ट बेहतर



**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 12 वीं का रिजल्ट जारी करने के एक घंटे बाद अब 10 वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया है। स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट results. cbse. nicin या cbseresults.nic.in पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

### 10 वीं में 93.60 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए...

इस साल क्लास 10 में 2,238,827 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था। इनमें से 2,095,467 कैंडिडेट्स पास हुए हैं। इस साल 10वीं का पासिंग पर्सेंटेज 93.60 प्रतिशत रहा। इस साल 10वीं का पास पर्सेंटेज 0.48 प्रतिशत बढ़ा है। 2023 में ये 92.12 प्रतिशत था। लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 94.75 प्रतिशत है जबकि लड़कों का 92.71 प्रतिशत है।

### 12 वीं में 87.98 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए

इस बार 12 वीं में 87.98 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में पासिंग पर्सेंटेज 0.65 प्रतिशत बढ़ा है। लड़कों की तुलना में लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 6.40 प्रतिशत ज्यादा है। इस बार 91 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं।

### त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट बेस्ट

सीबीएसई क्लास 12 के रिजल्ट में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेन्द्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला रीजन बना है। वहीं, प्रयागराज का रिजल्ट 78.25 के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है। वहीं, 10 वीं क्लास में भी त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट 99.75 प्रतिशत रिजल्ट के साथ बेस्ट रहा है। दूसरे नंबर पर 99.60 पासिंग पर्सेंटेज के साथ विजयवाड़ा रीजन है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई रीजन है।

सबसे खराब रिजल्ट गुवाहाटी रीजन का 77.94 प्रतिशत है। क्लास 10 में भी सबसे अच्छा रिजल्ट त्रिवेन्द्रम रीजन का है। त्रिवेन्द्रम रीजन का पासिंग पर्सेंटेज 99.75 है। दूसरे नंबर पर 99.60 पासिंग पर्सेंटेज के साथ विजयवाड़ा रीजन है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई रीजन है।

### दिल्ली में 94.97 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए

दिल्ली रीजन में 2,95,792 छात्रों ने सीबीएसई क्लास 12वीं बोर्ड एग्जाम दिया था और 2,80,925 स्टूडेंट्स पास हुए। दिल्ली में 94.97 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। पूर्वी दिल्ली में स्टूडेंट्स का रिजल्ट प्रतिशत 94.51 प्रतिशत रहा और पश्चिमी दिल्ली में 95.64 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इस साल कुल 16,33,730 स्टूडेंट्स ने 12वीं के बोर्ड एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन किया था और कुल 16,21,224 स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए थे। एग्जाम में 14,26,420 स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

### 1,16,145 स्टूडेंट्स को मिले 90 प्रतिशत से अधिक मार्क्स

सीबीएसई क्लास 12 वीं के फाइनल एग्जाम में 24,068 स्टूडेंट्स को 95 प्रतिशत या उससे अधिक मार्क्स मिले, जो पास हुए कुल स्टूडेंट्स का 1.48 प्रतिशत है। वहीं,1,16,145 स्टूडेंट्स ने 90प्रतिशत या उससे ज्यादा मार्क्स हासिल किए। यह पास हुए कुल स्टूडेंट्स का 7.16 प्रतिशत है।

### सीबीएसई का रिजल्ट 99.23 प्रतिशत

इस साल सीबीएसई 12 वीं बोर्ड रिजल्ट सेंट्रल तिब्बतन स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन का 99.23 प्रतिशत, जवाहर नवोदय विद्यालय का 98.81 प्रतिशत,गवर्नमेंट एडेड का 91.42 प्रतिशत, गवर्नमेंट का 88.23 प्रतिशत और इंडिपेंडेट स्कूल्स का 87.70 प्रतिशत रहा।

### सोनिया गांधी ने महिला मतदाताओं से कहा...

# इस कठिन समय में हम आपके साथ हैं



**नई दिल्ली,13 मई 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण को लेकर हो रही वोटिंग के बीच कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महिलाओं से कहा कि इस कठिन समय में हम आपके साथ हैं।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। उनका यह संदेश खासतौर पर महिला मतदाताओं के लिए है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार आने पर गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए देंगे।

### देश को बनाने में महिलाओं का बड़ा योगदान

सोनिया गांधी ने सोमवार को प्यारी बहनों के नाम जारी अपने वीडियो संदेश में कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आई है। कांग्रेस की 'महालक्ष्मी' योजना में हम गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए देंगे।

# महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष का अपनी ही पार्टी पर सनसनीखेज आरोप

» सीएम आवास में उनके पीए ने बुरी तरह पीटा...

**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की ओर से सनसनीखेज आरोप लगाए जाने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि सीएम हाउस के भीतर से दिल्ली पुलिस को पीसीआर कॉल की गई। कॉल करने वाले ने खुद को स्वाति मालीवाल बताया।

### दिल्ली पुलिस को दो पीसीआर में कॉल

दिल्ली पुलिस सूत्रों का कहना है कि दिल्ली सीएम आवास के भीतर से सोमवार सुबह नौ बजे दिल्ली पुलिस को दो पीसीआर कॉल की गई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह स्वाति मालीवाल बोल रही हैं। उन्होंने सीएम हाउस के भीतर खुद के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। ये आरोप मुख्यमंत्री केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर लगाए गए हैं।पीसीआर कॉल कर बताया गया कि विभव ने मुझे पिटवा दिया। इलाके की पुलिस मौके पर पहुंची है लेकिन पुलिस सीएम हाउस के भीतर नहीं जा सकती। इस सूचना के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची तो स्वाति वहां नहीं मिली। प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली पुलिस सीएम हाउस के भीतर नहीं जा सकती। पुलिस पीसीआर कॉल की सच्चाई का पता लगाने में जुटी है।वहीं, इस मामले में दिल्ली पुलिस का कहना है कि स्वाति मालीवाल सिविल लाइन थाने आई थीं, उन्होंने घटना के बारे में बताया है, हम वेरिफाई कर रहे हैं।



हालांकि पुलिस का कहना है कि स्वाति ने इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं दी है।

### दिल्ली पुलिस की डीडी एंट्री से क्या हुआ खुलासा

डेली डायरी (डीडी) एंट्री के मुताबिक, पहली कॉल के बारे में लिखा गया है कि कॉलर ने कहा कि अभी सीएम के घर पर हूं।उन्होंने अपने पीए विभव कुमार के साथ बुरी तरह मारपीट की है। दूसरी पीसीआर कॉल में करेक्शन के साथ जानकारी दी गई। लेडी कॉलर ने कहा कि मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए विभव कुमार से बुरी तरह पिटवाया है।इस पूरे मामले पर डीसीपी नॉर्थ ने कहा कि सोमवार सुबह 9.34 बजे सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन पर पीसीआर कॉल की गई, जिसमें कहा गया कि सीएम हाउस में उनके साथ मारपीट की गई है। कुछ देर बाद सांसद मैडम सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन पहुंची। हालांकि, वह यह कहकर चली गई कि वह बाद में लिखित शिकायत दर्ज कराएंगी।

# वीडियो कॉल पर कपड़े उतरवाता,मेरी मां के साथ रेप किया

» पीड़िता ने सुनाई प्रज्वल रेवन्ना की हैवानियत की कहानी...

**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** कर्नाटक के प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। प्रज्वल रेवन्ना के 3000 अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद उनको पार्टी से सस्पेंड कर दिया। वहीं प्रज्वल रेवन्ना सेक्स टेप कांड की एक पीड़िता ने अपने बयान दर्ज कराए। पीड़िता ने बताया कि प्रज्वल ने उसकी मां के साथ बलात्कार किया। वीडियो कॉल पर उसके कपड़े उतारवाए। विरोध करने पर वह मां को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था। देर रात वीडियो कॉल करता था और धमकी देकर कॉल उठाने के लिए मजबूर करता था। पिछले 4-5 साल से यही सिलसिला जारी था। अकसर साथ में उसका पिता एचडी रेवन्ना भी होता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने अपने बेंगलुरु स्थित आवास पर उसकी मां के साथ बलात्कार किया था। 2020 और 2021 के बीच प्रज्वल रेवन्ना ने उसे वीडियो कॉल का



जवाब देने के लिए मजबूर किया। उसे और उसकी मां को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। परेशान होकर जब परिजनों को इस बारे में बताया कि तो उन्होंने हमारा समर्थन किया। जब उन्हें घटनाओं के बारे में पता चला और तब पुलिस थाने जाकर शिकायत दर्ज, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जब स्कैंडल का खुलासा हुआ तो हम सामने आए हैं। पीड़िता ने बताया कि प्रज्वल मां को धमकी देता था कि अगर उसने सहयोग नहीं किया तो वह पति की नौकरी छीन लेगा। बेरोजगार कर देगा और बेटी के साथ बलात्कार की धमकी देता था। प्रज्वल अपनी महिला नौकरों का यौन उत्पीड़न भी करता था। उन्हें अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने शहर तक छोड़ दिया। अब वे चार से पांच महीनों में केवल एक बार घर आती हैं। उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना और एचडी रेवन्ना को आदतन अपराधी बताते हुए न्याय मांगा है। बता दें कि 33 वर्षीय जद (एस) सांसद और उनके पिता पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। कर्नाटक पुलिस के विशेष जांच दल ने शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

# नूडल्स खाने के बाद परिवार पहुंचा अस्पताल

### बच्चे की मौत के बाद कोहराम

**पीलीभीत,13 मई 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में नूडल्स खाने के बाद एक ही परिवार के 6 लोग बीमार पड़ गए जबकि 12 साल के एक बच्चे की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फूड पॉइजनिंग की वजह से परिवार के लोग बीमार पड़े थे। हालांकि खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस दावे का खंडन किया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पूरनपुर इलाके में गुरुवार रात नूडल्स और चावल खाने के बाद एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत कुल छह सदस्य बीमार पड़ गए। उन्होंने कहा, वे एक निजी अस्पताल गए और अगले दिन उनकी हालत में सुधार होने के बाद घर लौट आए, हालांकि, उसी रात उन्हें फिर से बेचैनी महसूस होने लगी।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 12 साल के रोहन की हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के



डॉक्टर राशिद ने कहा, शनिवार को फूड पॉइजनिंग की शिकायत के साथ पांच लोगों को यहां भर्ती कराया गया था। एक अन्य नाबालिग विवेक की हालत गंभीर थी, इसलिए उसे पास के बरेली जिले के एक अस्पताल में रेफर किया गया है.। वहीं बाकी चार की हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले की शुरुआती जांच करने वाले सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) शशांक त्रिपाठी ने कहा, परिवार ने पास के जनरल स्टोर से खरीदे गए एक विशेष ब्रांड के नूडल्स खाए थे।. कुछ अन्य लोगों ने भी उसी ब्रांड के नूडल्स खरीदे लेकिन कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई.उन्होंने कहा, शुरुआती तौर पर ऐसी आशंका है कि नूडल्स के अलावा कुछ अन्य भोजन परिवार के सदस्यों के बीमार पड़ने का कारण हो सकता है। त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने पूरनपुर के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट को अपने निष्कर्षों से अवगत करा दिया है।. पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्यों ने घटना के संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# जिनके पीछे पड़ी ईडी उनको कभी न चुनें

**नई दिल्ली,13 मई 2024(ए)।** अरविंद केजरीवाल के गुरु और समाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आज अपने शिष्य पर ही निशाना साधा है। कभी साथ मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले अन्ना हजारे ने केजरीवाल पर ही शराब घोटाले को लेकर कटाक्ष किया है।अन्ना हजारे ने आज अपना वोट डालने के बाद लोगों से एक खास अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सही उम्मीदवार चुनना चाहिए क्योंकि देश की चाबी गलत हाथों में नहीं जानी चाहिए। चूंकि देश की



चाबी मतदाताओं के हाथ में है, इसलिए इस चाबी को सही हाथों में देकर सही तरीके से चुना जाना चाहिए। हमेशा याद रखें सही उम्मीदवारों को चुनें जो सही छवि वाला राजनेता हो, न कि जिसके पीछे ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) पड़ा हो।

## संपादकीय

# निष्पक्षता दर्शाने के भी प्रयास

सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में कनाडा पुलिस ने तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने कहा है कि वे निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। 45 वर्षीय निज्जर की पिछले वर्ष कनाडा में नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गुरुद्वारे के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिससे भारत और कनाडा के दरम्यान राजनयिक विवाद पैदा हो गया।पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है तथा उनके पास प्रमाण हैं, और इस मामले में भारत सरकार के तार जुड़े होने की बाबत इन्हें खंगाला जा रहा है। वैसे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पहले ही भारत के खिलाफ पर्याप्त सबूत होने की बात कर चुके हैं।हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन आरापों का सिरे से खंडन किया था। साथ ही, कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों और चरमपंथियों को पनाह देने की भी बात कनाडा के समक्ष उठाई थी। गौरतलब है कि निज्जर भारत सरकार द्वारा पहले ही आतंकवादी घोषित किया जा चुका था जो ऐसे चरमपंथी अलगाव समूह का नेतृत्व कर रहा था, जो अलग खालिस्तान की मांग करता है। इस जांच में भारतीय अधिकारियों को शामिल कर कनाडाई सरकार ने अपनी निष्पक्षता दर्शाने के भी प्रयास किए हैं।कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में रहने वाले सिखों में भी खालिस्तान के मुखर समर्थक हैं। भारत सरकार सिख अलगाववादी आंदोलन की इस चिंगारी के भड़कने को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप बताती रही है।इससे पहले भी ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा की रहस्यमय मौत और लाहौर में परमजीत सिंह पंजवाड की गोली मार कर की गई हत्या पर भारत सरकार पर संदेह किया गया था। कोई भी सरकार अपनी अखंडता, सुरक्षा और आंतरिक मामलों में बाहर का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकती। बहरहाल, जांच जारी है, इसलिए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। खासकर इस वक्त जब देश में लोक सभा के चुनाव चालू हैं, इस तरह के विवादों से समुदाय विशेष को प्रभावित करने की आशंका भी निराधार नहीं कही जा सकती। हालांकि मोदी सरकार वैश्विक पटल पर देश की छवि को लेकर न केवल सावधान रहती है, बल्कि कड़े संदेश देने में भी कदम पीछे नहीं खींचती। चरमपथियों/आतंकवादियों को लेकर किसी भी तरह की मुलायमियत देश की सुरक्षा के लिए उचित नहीं ठहराई जा सकती।

# मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने से परेशानी क्या है ?

लोकसभा चुनावों के दौरान देश का वातावरण पूरी तरह गरमाया हुआ है। समूचा विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को



प्रो. महेश चंद गुप्ता

घेरने की कोशिश में है। उनका हर वार मोदी पर ही होता है, जिसके जवाब में मोदी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। मोदी ने गत दिनों महाराष्ट्र के लातूर में विशान जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इस मौके पर मोदी ने कहा कि ''मैं जब 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहजादे को बुखार चढ़ जाता है। वो लोग कहते हैं मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात क्यों करता है?''

मोदी के इस भाषण के बाद 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान ज्यादा चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर चल रही बहस और गांव-देहात की चौपालों पर इस अभियान पर बात हो रही है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के लोग इस अभियान की भी आलोचना कर रहे हैं जबकि मोदी समर्थक पूछ रहे हैं कि मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सपने से कांग्रेस को परेशानी क्या है? आखिर वह क्यों नहीं चाह रहे कि भारत एक रहे और श्रेष्ठता के शिखर पहुंचे?

इन सवालों पर चर्चा करने से पहले हम यह जान लेते हैं कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना में क्या निहित है? दरअसल, भारत को श्रेष्ठता के शिखर पर ले जाने की बात सरदार वल्लभ भाई पटेल से शुरू होती है। पटेल ने देशवासियों से एक अग्रणी भारत अर्थात श्रेष्ठ भारत बनाने के लिये एकजुट होकर एक साथ रहने का आह्वान किया था। वह चाहते थे कि भारत पुनः एक सतर्क, संवेदनशील, समावेशी और सशक्त राष्ट्र का गौरव हासिल करे। प्राचीन काल में भारत का आर्थिक,सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक वैभव समूचे विश्व में था। फिर अनेक आक्रांताओं की बुरी नजर भारत पर पड़ी। वह आते और हमारी धन-संपदा को लूटकर चल देते। इसके बाद देश लंबे समय तक गुलामी की जंजीरों में जकड़ा रहा। अनगिनत कुर्बानियों के बाद देश 1947 में आजाद हो गया लेकिन आजादी के बाद भारत की एकता और श्रेष्ठता पर विचार ही नहीं किया गया। राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच नहीं होने के कारण स्वतंत्रता के पश्चात भाई-भतीजावाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और अवसरवादिता जैसी बुराइयां हावी होती चली गईं। चंद परिवार ही आर्थिक एवं राजनीतिक फैसले करने लगे। इसी का दुष्परिणाम यह रहा है कि हमारा देश अपेक्षित गति से विकास की राह पर नहीं चल पाया। समाज के बहुत बड़े वर्ग को समान अवसरों और सामाजिक व आर्थिक उत्थान के संसाधनों से वंचित कर दिया गया। इन परिस्थितियों का हमारे देश की जनता, खासकर युवा पीढ़ी, महिलाओं और वंचित वर्ग को कितना नुकसान उठाना पड़ा, इसका अंदाजा लगा पाना भी असंभव है।

देश में सत्ता सुख भोगते रहे राजनीतिक दल भारत भूमि को माता कह कर तो पुकारते रहे मगर उसे वह वास्तविक प्रतिष्ठा, सम्मान और गौरव कभी नहीं दिया गया, जो एक मां को दिया जाना चाहिए था। साल 2014 में नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद पटेल और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जैसे नेताओं द्वारा राष्ट्र को लेकर देखा गया सपना साकार करने का संकल्प किया। वर्ष 2015 के उत्तरार्द्ध में जब हमारे देश में तथाकथित असहिष्णुता पर बहस-मुबाहिसा चल रहा था, तब मोदी ने सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि और आंतरिक सतर्कता को स्वतंत्रता की पूंजी बताते मंशा जाहिर की कि वह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' को योजना का रूप प्रदान करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान से जुडे र देश को आगे बढ़ाने का आह्वान देशवासियों से किया। इसके कुछ दिन बाद उन्होंने आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपनी चिरपरिचित शैली में इसके लिए आम जनता से




सुझाव आमंत्रित किए। इसके उपरांत आम जन का जुड़ाव एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना से हुआ। आम जनता में सुझाव देने की होड़ लग गई। जनता के सुझावों और अपेक्षाओं के अनुसार यह विचार आगे बढ़ा। इस विचार का प्रभाव मोदी सरकार की तमाम योजनाओं पर देखने को मिलने लगा। सबका साथ सबका विकास की भावना तो पहले से ही थी, जब इसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत और जुड़ गया तो स्थितियों में तेजी से बदलाव हुआ। वर्ष 2014 से 2024 के बीच देश में बदलाव की जो बयार चली है, वह हम सब देख पा रहे हैं। मोदी ने करीब सत्तर सालों तक बरकरार रही यथास्थितिवादी सोच को बदल दिया है। अब हमारे युवाओं को भेदभाव करने वाली व्यवस्था से छुटकारा मिल गया है। महिलाओं को सुविधाओं और जरूरतों की पूर्ति के लिए लंबी प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं रही है। विकास में बाधक बनी परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। देश में उन अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया जा रहा है, जो विकास के लिए अपरिहार्य हैं। हमारा देश सामरिक रूप से आत्मनिर्भर हुआ है। पहले हर रक्षा उपकरण और हथियारों का आयात होता था, लेकिन अब ऐसे सैकड़ों उपकरणों और हथियारों का आयात सेना ने पूर्णतया बंद कर दिया है। देश में एक वाइब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का निर्माण होना गौरव की बात है। जल, आकाश, भूमि और अंतरिक्ष में देश की क्षमताएं अभूतपूर्व साबित हुई हैं और आत्म निर्भरता के नए मिशन के पथ पर राष्ट्र का आगे बढना सबको गौरवान्वित कर रहा है। कश्मीर से धारा 370 खत्म किए जाने से देशवासियों का मनोबल ऊंचा हुआ है। पिछले एक दशक में देश में बहुत कुछ बदला है, देश के लोग इसके साक्षी हैं। एक ओर जहां मोदी सरकार ने पिछले दस साल में आम जनता के लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि की है, वहीं चहुंमुखी विकास की बदौलत देश को नई ऊंचाइयों पर भी पहुंचाया है। हमारा देश बाहरी और आंतरिक हर प्रकार की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम स्थिति में पहुंच गया है। इसका पूरा श्रेय मोदी को है लेकिन फिर भी मोदी इसका श्रेय लेने से विनम्रता पूर्वक इनकार कर देते हैं। मोदी कहते हैं कि यह सब सामाजिक, आर्थिक और संवैधानिक एकीकरण के उस महायज्ञ की बदौलत संभव हुआ है, जो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हुए चल रहा है। मोदी यह भी कहते हैं कि जिस प्रकार सरदार पटेल के लिए 'एक भारत' का अभिप्राय सभी के लिए समान अवसर था, हमारी सरकार भी उसी राह पर चल रही है। एक भारत की अवधारणा में एक ऐसा भारत है जो महिलाओं, दलितों, वंचितों, आदिवासियों एवं वनवासियों को समान अवसर प्रदान करता है। जहां बिना किसी भेदभाव के आवास, बिजली और पानी की सुविधा सभी की पहुंच में है। देश 'सबका प्रयास' के माध्यम से ऐसा कर पा रहा है।

प्रधानमंत्री हमेशा यह इस बात पर जोर देते रहे हैं किअगर सरकार के साथ-साथ लोगों की गतिशक्ति का भी उपयोग किया जाए, तो कुछ भी असंभव नहीं है। मोदी ने सदैव देश के 140 करोड़ लोगों को अपने कार्यक्रमों व योजनाओं से जोड़ा है। इसी का परिणाम है कि बहुत बड़ा तबका अपना प्रत्येक कार्य व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्यों के विचार को ध्यान में रखकर करने लगा है। यह मोदी की अपील का ही परिणाम है, जिससे छात्र अब अपनी पढ़ाई के विषय चुनते समय क्षेत्र विशिष्ट नवाचारों पर विचार करते हैं और आम लोग खरीदारी करते समय अपनी व्यक्तिगत पसंद के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी ध्यान में रखते हैं। इसी प्रकार उद्योग जगत, किसानों व सहकारी संस्थाओं में भी अपने निर्णय लेते समय देश के लक्ष्यों को ध्यान में रखने की प्रवृत्ति दिखाई पडऩे लगी है। जाहिर है मोदी सरकार जन भागीदारी को देश की ताकत बनाने में सफल रही है।

मोदी की श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को हम वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत की पहल में साकार रूप लेते हुए देख सकते हैं। अब ऐसा समय है, जब देशवासी 'एक भारत' बनकर आगे बढ़ कर सफलता हासिल कर रहे हैं और 'श्रेष्ठ भारत' बनाने में भी योगदान दे रहे हैं। यह देश की एकता की संस्कार सरिता के निरंतर प्रवाह का ही कमाल है। मोदी काल में देश में आए युगांतकारी बदलावों को कांग्रेस चाहे जिस रूप में देख रही हो लेकिन मोदी का यह कथन एकदम सही है कि पहले देश के समग्र विकास को टुकड़ों में देखा जाता था, सियासी चश्मे से देखा जाता था। ऐसे में देश के अनेक राज्य खुद को उपेक्षित महसूस करते थे, विकास से अछूते थे मगर आज देश के विकास को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना से देखा जाता है। विकास को अब देश की एकता-अखंडता का पर्याय माना जाता है।

देश का जन-जन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के साथ जुड़ा है और इसी राह पर 2047 में विकसित भारत का सपना सच होने के प्रति भी आशावान है। इसके विपरीत विघटनकारी शक्तियां देश के टुकड़े करना चाहती हैं। आरक्षण, जाति, धर्म और विरासत टैक्स जैसे मुद्दों को उछाला जा रहे हैं। एक तरफ मोदी हैं और दूसरी ओर वह ताकतें, जिन्हें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना भी पसंद नहीं है। मोदी की अपेक्षा है कि राष्ट्र के समस्त राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच गहरे जुड़ाव के जरिए राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा मिले। विविधताओं से भरा हमारा देश हमेशा 'विविधता में एकता' का उत्सव मनाए और देशवासियों के बीच आपसी भावनात्मक संबंध मजबूत बनें, यह मोदी का उद्देश्य है। देशवासियों को इस विविधता को समझने में सक्षम बनान तथा साझा पहचान की भावना को बढ़ावा देने के लिए मोदी की पहल पर राज्यों की समृद्ध संस्कृति, विरासत, परंपराओं और रीति-रिवाजों को विशिष्ट रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है । आम जनता श्रेष्ठ भारत चाहती है और इसके लिए मोदी को तीसरी बार लाना चाहती है। लोग यह मानते हैं कि श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत का सपना मोदी ही साकार कर सकते हैं। मोदी को फिर आना ही होगा, अन्यथा यह सपना केवल सपना ही रह जाएगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह,चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरीय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार,बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल,अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी।

वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यो से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लघु कथा

# सिर्फ सच



ओतेरी सेल्वा कुमार
-चेन्नई
तमिलनाडु-

कोबेन, एक युवा संगीतकार, अपने जीवन में अर्थ खोजने के लिए संघर्ष कर रहा था। वह खोया हुआ और अकेला महसूस कर रहा था, सड़कों पर भटक रहे एक आवारा कुत्ते की तरह। एक दिन, एक स्थानीय पार्क में प्रदर्शन करते समय, उसकी मुलाकात मैक्स नाम के एक टेढ़े-मेढ़े छोटे टेरियर से हुई। जैसे ही उनकी नज़रें मिलीं, कोबेन को एक अकथनीय संबंध महसूस हुआ।

जैसे ही कोबेन ने मैक्स के साथ अधिक समय बिताया, उसने दुनिया को कुत्ते की आंखों से देखना शुरू कर दिया। उसे एहसास हुआ कि मैक्स वर्तमान में रहता था, बिना किसी चिंता या पछतावे के। कोबेन ने मैक्स की लापरवाह भावना का अनुकरण करना शुरू कर दिया और उसका संगीत फलने-फूलने लगा। लेकिन जैसे-जैसे कोबेन की सफलता बढ़ती गई, वैसे-वैसे प्रसिद्धि का दबाव भी बढ़ता गया। उन्होंने खुद को संगीत के प्रति अपने जुनून और अपने रिकॉर्ड लेबल की मांगों के बीच फंसा हुआ पाया। घुटन महसूस करते हुए, वह आराम के लिए मैक्स की ओर मुड़ा।

एक रात, जब वे सोफे पर बैठे थे, कोबेन को अपने ऊपर एक अजीब सी अनुभूति महसूस हुई। उसने नीचे देखा और देखा कि उसके हाथ पंजे में बदल रहे हैं, उसका शरीर कुत्ते जैसा बन रहा है। वह अब मैक्स था और कुत्ते का जीवन जी रहा था।

मैक्स के रूप में, कोबेन ने दुनिया को एक नए तरीके से अनुभव किया। उसने गिलहरियों का पीछा किया, अपने बालों में हवा महसूस की, और बिना शर्त प्यार की खुशी को जाना। लेकिन उन्होंने कुत्ते के जीवन की कठोर वास्तविकताओं को भी देखा - क्रूरता, उपेक्षा, भय।जैसे-जैसे दिन बीतते गए, कोबेन को एहसास हुआ कि मैक्स के रूप में उनका समय सीमित था। वह जानता था कि उसे अपने मानव रूप में लौटना होगा, लेकिन वह टूट चुका था। एक कुत्ते के रूप में उसे स्वतंत्रता और ख़ुशी का एहसास मिला था जिसे वह एक इंसान के रूप में कभी नहीं जानता था।

अंततः, परिवर्तन उलट गया और कोबेन अपने मानव शरीर में वापस आ गया। लेकिन वह हमेशा के लिए बदल गया था। उसने दुनिया को कुत्ते की आँखों से देखा था, और इसने उसे जीवन का एक नया दृष्टिकोण दिया था।कोबेन के संगीत ने एक नई गहराई और अर्थ ग्रहण किया, जो मैक्स के रूप में उनके समय से प्रेरित था। उन्होंने जीवन की सुंदरता और संघर्ष, प्रेम और करुणा की शक्ति के बारे में गाया। और जैसे ही उसने प्रदर्शन किया, वह जानता था कि मैक्स हमेशा उसके साथ था, उसकी आत्मा पर पंजे के निशान थे।

उस दिन से, 222कोबेन ने अपना जीवन वर्तमान क्षण के लिए नई सराहना के साथ जीया, और कुत्ते के रूप में अपने समय से उन्होंने जो सबक सीखा, वह हमेशा उनके साथ रहा। ये इंसान की जिंदगी के लिए कुत्ते की जिंदगी से बेहतर है.?

हाँ, यह बिल्कुल सच है!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बाल कहानी

# छोटी बहन

बिट्टू और सुम्मी आज बहुत खुश थे। वे खुश क्यों न होते, आखिर उनकी लल्ली दीदी की शादी जो थी। बारात का आगमन हो चुका था। उनके मम्मी-पापा एवं घर के



टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

अन्य सदस्य बारातियों के स्वागत में व्यस्त थे। घर की सजावट देखते ही बनती थी। घर मेहमानों से खचाखच भरा था। लाउडस्पीकर में बज रहे विवाहगीत से सारा गाँव बड़ा आनंद ले रहा था।

मंडप में सभी अपनी-अपनी तरह से मजा ले रहे थे। बच्चे भी बड़े आनंदित थे। वे शरारती अंदाज में एक-दूसरे पर हल्दी मल रहे थे, तभी मंडप में एक पतली सी आवाज आई-बिट्टू, इधर आओ, खाना खा लो, फिर खेलना। हाँ मम्मी, अभी आ रहा हूँ बिट्टू बोला। आँगन की टंकी के पानी से हाथ धोकर वह किचन में जाकर बैठ गया। फिर सुम्मी भी बिट्टू भैया को किचन में जाते देख टंकी के पानी से हाथ धोयी; और खाना खा रहे बिट्टू के पास चटाई बिछाकर बैठ गयी। मुस्कुराती हुई बोली -मम्मी, मुझे भी खाना दो ना।

ठीक है, तुम भी खा लो। मम्मी खाना निकालने लगी। बिट्टू और सुम्मी दोनों भाई-बहन खाना देकर काम में जुट गयी।

बिट्टू और सुम्मी खूब हँस-हँसकर खाना खा रहे थे। उन दोनों को मंडप में की हुई शरारतें याद आ रही थी। खाना खाने के बाद बिट्टू के शरारती मस्तिष्क में एक विचार आया। कटोरी में रखी मिर्ची को उसने सुम्मी के चेहरे पर डाल दिया। मम्मी... मम्मी... चीखती हुई सुम्मी मंडप में इधर-उधर भागने लगी।

. क्या हुआ सुम्मी...क्या हुआ सुम्मी...? बस एक ही प्रश्न सभी के मुख



से निकलने लगे। फिर मम्मी ने सुम्मी की आँखों को ठण्डे पानी से धोया। पास में रहने वाले डॉक्टर को बुलवाया गया। डॉक्टर ने सुम्मी की आँखों को फिर एक बार धोकर दवाई डाली। आँख में पट्टी बांध दी। सभी सुम्मी के पास खड़े थे। बिट्टू भी चुपचाप खड़ा था। डॉक्टर के चले जाने के बाद मम्मी-पापा सुम्मी से पूछने लगे - सुम्मी बेटी, किसने डाली मिर्ची तुम्हारी आँखों में? मम्मी-पापा का सवाल सुनकर बिट्टू की सिट्टी-पिट्टी गुम होने लगी। सुम्मी की खामोशी पर मम्मी ने पुनः अपनी बात दुहराते हुए बोली - बिट्टू भैया ने डाली क्या मिर्ची तुम्हारी आँखों में?

नहीं... नहीं... मम्मी, बिट्टू भैया ने नहीं डाली। सुम्मी तपाक से बोली। वह कहने ही लगी-मम्मी, मैं खुद ही मिर्ची को गलती से हल्दी समझकर अपने चेहरे पर लगा डाली। पास में ही खड़े बिट्टू को सुम्मी की इस तरह की बात से बड़ा अचरज लगा; वह समझ ही नहीं पा रहा था। मम्मी, मैं सोऊँगी। मुझे नींद आ रही है। सुम्मी वहाँ एकत्रित लोगों को खिसकाने के लिए नींद का बहाना करने लगी।

सभी सुम्मी को कमरे में अकेली छोड़कर वहाँ से चले गये। तभी बिट्टू सुम्मी के कमरे में चुपचाप जाकर फफकने लगा। शायद बिट्टू को अपनी छोटी बहन के साथ की शरारत पर बहुत दुःख हो रहा था। सुम्मी को किसी की रोने की आवाज सुनाई दी। बोली-कौन ? सिसकते हुए बिट्टू बोला - सुम्मी बहन, मैं हूँ बिट्टू। सुम्मी मुस्कुराती हुई बोली - बिट्टू भैया, तुम क्यों रो रहे हो ? आओ, बैठो बिस्तर में। अपनी गलती स्वीकारते हुए बिट्टू बड़ी मुश्किल से बोल पाया - बहन, मुझे माफ करना। मुझसे गलती हो गयी। लेकिन तुमने इस तरह झूठ क्यों बोला ? सुम्मी, तुम्हारी आँखों में मिर्ची तो मैंने लगाई थी। बिट्टू की रोने की आवाज जोर पकड़ने लगी। इस समय सुम्मी को अपनी आँखों की पीड़ा से अधिक दुःख इसलिए होने लगा कि उसका बड़ा भाई बिट्टू रो रहा है। वह भीगी आवाज में बोली - भैया, अगर मैं तुम्हारा नाम बता देती तो मेरी वजह से मम्मी तुम्हें मारती, जिससे मेरी पीड़ा और बढ़ जाती। तुम मेरे बड़े भाई हो। मैं तो तुम्हारी छोटी बहन हूँ। छोटी बहन के कारण बड़ा भाई डाँट या मार खाये, मैं तो क्या, कोई भी छोटी बहन नहीं चाहती। सुम्मी की बातों को बिट्टू खम्भे की तरह खड़ा सुन रहा था। सचमुच आज उसे अपनी करनी पर बहुत पश्चाताप व दुःख हो रहा था। अपने प्रति अपनी छोटी बहन का अगाध प्रेम व अटूट स्नेह देख उसकी आँखें भर आई। मुझे माफ करना मेरी बहन। मैं कभी ऐसी गलती नहीं करूँगा। भर्राए स्वर से बिट्टू ने अपनी छोटी बहन सुम्मी को गले से लगा लिया।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## मजा कुछ और है



श्याम सुंदर साहू
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

खोकर पाने का मजा कुछ और है
रोकर हंसने का मजा कुछ और है
हार तो जिंदगी का हिस्सा है हार के
बाद जीतने का मजा कुछ और है।
लक्ष्य को पाने का मजा कुछ और है
गिरकर संभलने का
मजा कुछ और है
असफलता के बाद पुनः प्रयास कर
सफल होने का मजा कुछ और है।
नींद आने पर
सोने का मजा कुछ और है
भूख लगने पर
खाने का मजा कुछ और है
अगर जीवन में
उलझने ही उलझने है तो
उसको सुलझाने का
मजा कुछ और है।
संघर्ष कर आगे
बढ़ने का मजा कुछ और है
परिस्थितियों से लड़ने का
मजा कुछ और है
जिंदगी को हर कोई
काट लेता है यहां पर
इसे हंसकर जीने का
मजा कुछ और है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गांठ



गरिमा राकेश गर्विता
कोटा,राजस्थान

गांठ मन की हो,
चाहे रस्सी की।
एक गांठ खुलते,
खुलने लग जाती है ।
परते गांठो की
सुलझ जाते हैं।
कई उलझें हुए सवाल,
जो सवाल होते नही है ।
पैदा हो जाते है।
और बढ़ते जाते है।
वैसे जैसे गांठ पर गांठ ।
बढ़ती है दूरियां
पनप जाती है नफरतें
वो जो कभी थी नही,
बस एक गांठ लगी
और चढ़ती गई
गांठो की परते
परत दर परत
जो खुल सकती है
बस एक गांठ के खुलने पर।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सार्वजनिक सेवा वाले वाहनों का सरल क्रमांक व चालक का नाम व नंबर जरूरी

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 13 मई 2024
(घटती-घटना)।

यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को अभियान चलाकर 400 सार्वजनिक सेवा वाले वाहनों की सूची तैयार की गई है। इन सभी वाहनों का बड़े अक्षरों में सरल क्रमांक व चालक का नाम व मोबाइल नंबर अंकित किए जा रहे हैं। सार्वजानिक सेवा के वाहनों में सरल क्रमांक एवं चालक का नाम मोबाइल नंबर अंकित नहीं करवाने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। यातायत प्रभारी ने बताया कि सार्वजानिक सेवा के वाहनों को अपने अपने वाहनों में उक्त जानकारी लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही दीगर राज्य से काम करने आए वाहन चालकों से पहचान पत्र ली जा रही है। इसके अलावा इनका फिंगरप्रिंट दर्ज किए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सम्बंधित वाहन चालकों से पूछताछ करने और मामले के निराकरण करने में सरगुजा पुलिस को सहायता प्राप्त होगी। इसके साथ ही कई प्रकार के अपराधों मे रोक लगाने में यह अभियान कारगर साबित होगा।



# सड़क पर भारी वाहन खड़ा किए जाने के मामले में सरगुजा पुलिस की कार्रवाई जारी

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 13 मई 2024
(घटती-घटना)।

सडक़ पर भारी वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत रविवार को 6 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 स्थित नारायण पेट्रोल पम्प लखनपुर के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 13 एएच 8218, ट्रक क्रमांक एमएच 34 बीजी 8991 व सीजी 04 एनआर 4800 को खड़ा किया गया था। इस मामले में लखनपुर पुलिस ने तीनों वाहन के चालक फिलमोन एक्का, प्रफुल जनबुरकर व मनोज कुमार पर अपराध दर्ज किया गया है। वहीं सीतापुर पुरानी बस्ती रोड पर स्थित आरोपी संतोष तिवारी प अमर दास द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 15 एबी 1777 व सीजी 15 एबी 4571 को खड़ा किया गया था। इन दोनों मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी व वाहन जब्ति की कार्रवाई की गई है।

पुलिस चौकी रघुनाथपुर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 स्थित तहसील मोड़ रघुनाथपुर मुख्य मार्ग मे आरोपी तेज कुमार लकड़ा उम्र 38 वर्ष साकिन देवगढ थाना सीतापुर जिला सरगुजा द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 1269 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध 24 धारा 283 भा.द.वि.का अपराध दर्ज किया गया हैं, उपरोक्त कुल 5 मामलो मे पुलिस टीम द्वारा लोकमार्ग मे खड़ी भारी वाहनों कों जप्त किया गया हैं,मामले के आरोपियों से घटना के़ सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।




# सड़क हादसे में युवक की मौत

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 13 मई 2024
(घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के लोधिमा मुख्य मार्ग पर रविवार की रात तेज रफ्तार बाइक ब्रेकर से उछलकर अनियंत्रित होकर गिर गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज




अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार राजेश प्रसाद यादव पिता भुखल राम उम्र 30 वर्ष भिट्ठीकला का रहने वाला था। वह रविवार की शाम को बाइक से अपने साढ़ू के घर लोधिमा गया था। वहां से रात करीब 11 बजे वापस लौट रहा था। बाइक की गति तेज होने के कारण रास्ते में सडक़ पर बने ब्रेकर से बाइक उछल गई और बाइक सवार गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




**क्या पकड़नेवाले पुलिसकर्मी फिर होंगे दंडित...**

# अंबिकापुर पुलिस को बिलासपुर से सटोरियों को पकड़ने में मिली सफलता

» पकड़े जाने वाले में दो सटोरिया अंबिकापुर के भी...

» अंबिकापुर के पकड़ाने वाले सटोरिया कई बार चढ़ चुके हैं पुलिस के हत्थे...पर पकड़ाने पर पुलिस की शिकायत करके ही खुद करते थे बचने का प्रयास...

» अंबिकापुर के पकड़े गए सटोरियों को आखिर किस सफेद पोश का मिलता है संरक्षण?

» क्या जिस-जिस पुलिस वाले ने की कार्यवाही उसका हुआ तबादला...आखिर सटोरियों की पहुंच कहां तक?

– भूपेन्द सिंह –
अंबिकापुर, 13 मई 2024
(घटती-घटना)।

इस समय आईपीएल का खुमारी सर चढ़कर है और सटोरिया सक्रिय...सटोरिये इस हद तक सक्रिय है कि प्रतिदिन करोड़ का दावा आईपीएल में लगा रहे है उसके साथ महादेव ऐप का सट्टा अलग चल रहा है, जहां छत्तीसगढ़ में अवैध कारोबार को बंद करने का आदेश नई सरकार ने जारी कर रखा है वहीं अवैध कारोबार का तीव्र गति से होना कहीं ना कहीं आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है, अंबिकापुर पुलिस सटोरियों पर नक़ल कसने के लिए बिलासपुर पहुंची जहां से कई सटोरियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली,पुलिस सूत्रों की मानें तो बिलासपुर से पकड़े गए सटोरियों में अंबिकापुर का दो नाम शामिल है पहला नाम आयुष उर्फ दीप सिंह व दूसरा नाम अमित मिश्रा उर्फ पहलू जो दोनों अंबिकापुर सतीपारा के निवासी बताए जा रहे हैं, सट्टा के मामले में इनका पकड़े जाना लगा रहता है,कई बार पुलिस इन्हें पकड़ चुकी है पर पकड़ने वाले को भी यह नहीं छोड़ते आते ही उनकी शिकायत कर उन्हें सफेदपोश वालों के दम पर ट्रांसफर करवा देते हैं, आखिर इनकी पहुंच कितनी है कि इनके विरुद्ध कार्यवाही करने वाले पुलिसकर्मी को ही यह नुकसान पहुंचा देते हैं? एक बार फिर यह पुलिस के हत्थे चढ़े हैं क्या इस बार भी पकड़ कर लाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध यह शिकायत करवा के या फिर सफेदपोश से कहलवाकर इन्हें अन्य जगह भेज देंगे। लंबे समय से यह सटोरिया सट्टा का काम कर रहे हैं। इन्हें सफेदपोश का संरक्षण भी मिल रहा है जिस वजह से यह इस कारोबार में लंबे समय से पनप रहे हैं क्या इस बार भी बचने का प्रयास करेंगे या फिर अंबिकापुर पुलिस उनके कार्यो के अनुरूप सजा दिलाने में सफल होगी?

# सीबीएसई दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शहर के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 13 मई 2024
(घटती-घटना)।



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा सत्र 2023-24 के 10 वीं व 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणाम में सरगुजा के सीबीएसई बोर्ड के 10-12वीं के छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया है। अंबिकापुर के कार्मेल स्कूल,होली क्रॉस स्कूल,सहित अन्य सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित स्कूलों का परिणाम संतोषजनक रहा। होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में कुल 181 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। जिसमें शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। 95.6 प्रतिशत अंक के साथ शशांक गोंड ने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। इससे विद्यालय के साथ-साथ शहर का भी नाम रौशन किया है। इसी क्रम में प्रियांशी अग्रवाल और निशा डागा ने 95.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं कीर्ति विश्वकर्मा ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार कक्षा 12 वीं में कुल 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 108, 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 169 है तथा 108 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। 10 वीं कक्षा में कुल 248 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें अधिकतम 96.8 प्रतिशत अंक के साथ शबा फातिमा ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल कर अपने विद्यालय और नगर को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में वृष्टि पांडेय ने 96 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा दीपाली केरकेट्टा 95.4 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 132 है। 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 199 है।

कार्मेल स्कूल के सीबीएसई कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कुल 145 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें सभी उत्तीर्ण रहे। वाणिज्य संकाय के अंशिका सिंह ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया,द्वितीय स्थान पर वाणिज्य संकाय के सिद्धार्थ जायसवाल 94.6 प्रतिशत, तृतीया स्थान पर वाणिज्य संकाय के शुभ जालान एवं जीव-विज्ञान संकाय के दिव्यांशु गुप्ता ने 94.2 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान पर वाणिज्य संकाय के मनीषा कुशवाहा 94 प्रतिशत और पांचवें स्थान पर वाणिज्य संकाय के शिक्षा सोनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। 12वीं में कुल 14 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 44 विद्यार्थी 89.9 से 80 प्रतिशत के बीच, 52 विद्यार्थी 79.9 से 70 प्रतिशत के बीच, 31 विद्यार्थी 69.9 से 60 प्रतिशत के बीच और 4 विद्यार्थी 59.9 से 50 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। कार्मेल स्कूल में कक्षा 10 वीं में 205 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से सभी उत्तीर्ण रहे। शीर्ष पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अक्षरा वर्मा 97.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में पहले स्थान पर रही है, अवनि गुप्ता 95.6 प्रतिशत के साथ दूसरा व आयुषी सिंह चंदेल 95.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह भविष्य गुप्ता एवं जयंत सिन्हा 95.2 प्रतिशत तथा अनय श्रीवास्तव 94.6 प्रतिशत प्राप्त किया है। 10 वीं में कुल 28 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 54 विद्यार्थी 89.9 से 80 प्रतिशत के बीच,66 विद्यार्थी 79.9 से 70 प्रतिशत के बीच,43 विद्यार्थी 69.9 से 60 प्रतिशत के बीच और 14 विद्यार्थी 59.9 से 50 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थिओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों व उनके अभिभवकों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

ओरिएण्टल स्कूलः- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा घोषित 12 वीं के परीक्षा-2024 परिणाम में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थी इस परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। इस परीक्षा परिणाम में निलय चौधरी ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय टॉपर रहा। इसी तरह रोशनी सिंह 94.8 प्रतिशत,भारती यादव 94 प्रतिशत,अंचला विश्वकर्मा 90.8 प्रतिशत,अंजली कश्यप 90.8 प्रतिशत,निशा यादव 90.4 प्रतिशत, श्रेयांश श्रीवास्तव 90.2 प्रतिशत, क्रिश सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने अभिभावकों,स्कूल के शिक्षकों तथा ओपीएस के शैक्षणिक वातावरण को दिया है। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये इन बच्चों तथा इनके माता-पिता एवं अपने स्कूल के शिक्षकों को बधाई देते हुए इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। इस परीक्षा परिणाम में रूबीना परवीन 96.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय अव्वल रही। इसी तरह अवनीत भाटिया 96.2 प्रतिशत, अंजली सिंह पैकरा 96 प्रतिशत,पूर्वी साहू 96 प्रतिशत,अनुपमा प्राधान 94.2 प्रतिशत,अरसिल अजिम 92.6 प्रतिशत, निहारिका गुप्ता 91.4 प्रतिशत, बबिता यादव 90.6 प्रतिशत,नैतिक गुप्ता 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 मई को

**अम्बिकापुर 13 मई 2024।** एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रति वर्ष की भांति शिक्षण सत्र 2024-25 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई 2024 दिन-शनिवार, प्रातः 10.00 से 12.00 बजे अपरान्ह तक जिला स्तर पर विभिन्न विकासखण्डों में आयोजित है।

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

– संवाददाता –
सूरजपुर, 13 मई 2024 (घटती-घटना)।

दिनांक 14.11.23 को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि राजपुर की ओर से प्रतापपुर होते हुए वाड्रफनगर की ओर पल्सर मोटर सायकल में 2 व्यक्ति नशीली कफ सिरप लेकर बिक्री करने जाने कि सूचना पर ग्राम चांचीडांड में घेराबंदी लगाया जो पुलिस को देखकर मोटर सायकल चालक व पीछे बैठा व्यक्ति मोटर सायकल छोड़कर भाग निकले। मोटर सायकल की तलाशी लेने पर बैग से 260 नग ऑनरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और दिनांक 07.04.24 को फरार आरोपी सूरज कुमार सूर्यवंशी को लटोरी से पकड़ा गया था वहीं मामले में दीपक शील उर्फ माटूल फरार था जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी।



उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने पुलिस अधिकारियों को आपराधिक प्रकरण में फरार चल रहे आरोपियों को गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर धर दबोचने के कड़े निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच प्राप्त सूचना के आधार पर अम्बिकापुर में घेराबंदी कर आरोपी दीपक शील उर्फ माटूल पिता पवित्रो शील उम्र 24 वर्ष ग्राम तर्रापानी गांधीनगर अम्बिकापुर को पकडा गया और विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, रामाधीन श्यामले, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी,अवधेश कुशवाहा सक्रिय रहे।

# राजपुर रेंज में हुआ तेंदूपत्ता खरीदी कार्य का शुभारंभ

» **राजपुर प्रबंधक ने किया संग्रहको का अनोखा स्वागत**

– संवाददाता –
राजपुर, 13 मई 2024
(घटती-घटना)।



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं मे से एक तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य छत्तीसगढ़ में प्रारंभ हो चुकी है,इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के राजपुर रेंज में भी तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। राजपुर के प्रबंधक सुरेश सोनी अपने संग्रहण कार्य की शुरुआत हमेशा से ही अनोखे रुप से करते रहे हैं, आज उनके फड़ में संग्रहण कार्य सर्व प्रथम ग्राम देवता व अपने आराध्य देवी देवताओं का पूजा अर्चना करने के पश्चात सभी संग्रहको का पांव पखार कर साथ ही सभी को तिलक लगाकर स्वागत किया, इनके इस अनोखे पहल से संग्रहको में खासा उत्साह भी देखनो को मिलता है।

राजपुर समिति का खरीदी लक्ष्य 33 सौ मानक बोरा का है राजपुर समिति का यह लक्ष्य 17 फड़ों के माध्यम से पुरा किया जाएगा। आज राजपुर के साथ साथ बासेन और परसागुड़ी समिति में भी संग्रहण कार्य शुरू किया गया है, प्रबंधक सुरेश के पहल का अनुशरण सभी समितियों के फड़ मुंशी भी कर रहे हैं ये सभी अपने अपने फड़ों में भी संग्रहको का पांव पखार कर व तिलक लगाकर संग्रहण कार्य प्रारंभ किया। प्रबंधक सुरेश सोनी ने बताया कि फिलहाल मौसम में भी उतार चढ़ाव देखी जा रही है फिरभी संग्रहको के संग्रहण कार्य ने कोई फर्क नही पड़ रहा है क्यों कि इस बार छत्तीसगढ़ सरकार 55 सौ रुपये मानक बोरा और 550 रुपये सौकड़ा की दर से तेंदूपत्ता संग्रहको को ऑनलाइन भुगतान करने वाली है। जिन संग्रहको का ऑनलाइन सर्वे नही हुआ है उनके भुगतान में परेशानी हो सकती है उसके लिए प्रबंधक सुरेश सोनी ने सभी सम्मानीय संग्रहक गणों से अपील किया है कि किन्ही का ऑनलाइन सर्वे नही हुआ होगा तो तत्काल करा लेवें।

# दो दिन में तीन लड़कियों को प्रशासन की टीम ने बालिका वधू बनने से बचाया

– संवाददाता –
सूरजपुर, 13 मई 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त करने के संकल्प को प्रशासन की संयुक्त टीम ने मूर्त रूप देना प्रारंभ कर दिया है कलेक्टर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में पूरे जिले के विवाह पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने पूरे जिले में सूचना तंत्र को मजबूत कर रखा है। जहां भी बाल विवाह होने की सम्भावना रहती है। सूचना तुरंत जिला बाल संरक्षण इकाई को प्राप्त हो जाती है। कलेक्टर के दिशा निर्देश पर गठित संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकने की परिजनों को समझाइश देती है।





विगत दो दिनों में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, चाईल्ड लाईन, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों ने सूचना दी की ग्राम लक्ष्मीपुर विकासखण्ड में एक 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह सम्पन्न हो रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में अमित भारिया, कार्तिक मजूमदार, रजनीश पटेल आरक्षक, प्रीति भगत, सरपंच हरमनिया सिंह, पटवारी अभय कुमार सिंह जनार्दन यादव, दिनेश यादव दल तत्काल मौके पर पहुंची तो पाया कि बालिका का उम्र मात्र 14 वर्ष 6 माह हो रहा है। पंचायत के सरपंच जिले के मंडी अध्यक्ष की उपस्थिति में परिजनों को समझाइश दी गई की अभी विवाह की उम्र नहीं हुई है। बाल विवाह करने से बालिका को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड सकता है। लडकी स्वयं कमजोर हो जायेगी आने वाला बच्चा या तो दिव्यांग या मृत पैदा हो सकता है। अभी बालिका के खेलने कूदने के दिन है। जिस पर घर वाले बालिका के 18 वर्ष पूरी कर लेने पर विवाह करने को तैयार हो गये, तब इस आशय का कथन पंचनामा तैयार किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई की गांव में ही एक और नाबालिग लडकी का विवाह होने वाला है। जिस पर टीम वहां गई, दस्तावेजों का परीक्षण करने पर बालिका का उम्र 17 वर्ष 6 माह हो रहा है परिवार वालो को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवा दिया गया।

CMYK

# महंगाई को लेकर पीओके में चौथे दिन भी तनावपूर्ण स्थिति


**पीएम शहबाज बुला सकते हैं उच्चस्तरीय बैठक**

**इस्लामाबाद,13 मई 2024।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बिजली बिल,टैक्स और आटे की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण रही। महंगाई के खिलाफ क्षेत्र में पूर्ण हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। बिगड़ते हालात के बीच शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। इस झड़प के बाद पाकिस्तान की सरकार स्थिति को शांत करने की दिशा में जोर दे रही है।

### मौजूदा स्थिति पर प्रधानमंत्री करेंगे बातचीत

क्षेत्र में शनिवार को हुई इस झड़प में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। प्रदर्शन के दौरान 100 के करीब घायल भी हुए, जिसमें ज्यादातर पुलिसकर्मी ही थे। शुक्रवार से ही क्षेत्र में पूर्ण हड़ताल जारी है। इस तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक





बुला सकते हैं। बैठक में महंगाई को लेकर बातचीत होने की संभावना है।

जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) क्षेत्र में बिजली के प्रावधान, गेहूं के आटे पर सब्सिडी समेत अन्य विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रही है। जेएएसी के नेतृत्व में सोमवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के लिए रैली निकाली गई। रावलकोट के एक प्रदर्शनकारी नेता ने सरकार पर टालमटोल की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया।

### तनाव को शांत करने की कोशिश

स्थानीय मीडिया के अनुसार,प्रदर्शनकारी पहले ही कई स्थानों पर धरना दे चुके हैं। चौराहों और कुछ क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिसबलों को तैनात किया गया है। बाजार, व्यापार केंद्र और शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने पीओके के प्रधानमंत्री (अवैध तौर पर नियुक्त) चौधरी अनवारुल हक से बात की। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के पदाधिकारियों को एक्शन कमेटी के नेताओं से बात करने का निर्देश दिया।

तनाव को शांत करने के प्रयास में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सभी से संयम बरतने और आपसी परामर्श से मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांगों को नियम के अनुसार संबोधित किया जाना चाहिए।

# अमेरिकी विदेश सचिव ने इस्राइल रक्षा मंत्री को किया फोन,राफा ऑपरेशन का किया विरोध



**नई दिल्ली,13 मई 2024।** गाजा के राफा शहर में एक प्रमुख सैन्य अभियान का अमेरिका विरोध कर रहा है। अमेरिकी विदेश सचिव ने इस्राइल रक्षा मंत्री को फोन पबात की। जिसमें उन्होंने गाजा की स्थिति और बंधकों की रिहाई के बारे में बातचीत की।

हमास और इस्राइल के बीच युद्ध चल रहा है। रविवार की रिपोर्ट के अनुसार जैसे-जैसे राफा आक्रमण और तीव्र हो रहा है, इजराइली सैन्य टैंक जबालिया शरणार्थी शिविर में जाते जा रहे हैं। रविवार को सलाह अल-दीन स्ट्रीट को पार कर इजराइली टैंक शिविर में घुस गए। क्योंकि हमास के आतंकवादियों और इजराइली बलों के बीच लड़ाई बढ़ गई थी।

वहीं अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को इस्राइली मंत्री के साथ फोन पर बातचीत की। उन्होंने इस्राइल की सुरक्षा और हमास की हार आदि के बारे में अमेरिका का पक्ष रखा। उन्होंने गाजा की स्थिति और रिहाई सुनिश्चित करने के चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि सचिव ने राफा में एक बड़े सैन्य जमीनी अभियान पर अमेरिका के विरोध को स्पष्ट किया। यहां लगभगभ दस लाग से अधिक लोगों ने शरण ली हुई है।

उन्होंने बताया कि सचिव ने गाजा में नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता की बात की। वहीं उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि गाजा के अंदर की चुनौतियों का समाधान किया जाए। इस्राइल हमास के पीछे है।

कई फिलिस्तीनियों को गाजा के कई हिस्सों, जैसे जबालिया, बेत लाहिया,राफा को खाली करने के लिए मजबूर किया था।

# सुअर की किडनी लगवाने वाले व्यक्ति की मौत,दो महीने तक रहे थे जिंदा



**नई दिल्ली,13 मई 2024।** ये तो हम सभी जानते ही हैं कि मेडिकल साइंस ने काफी तरक्की कर ली है। अमेरिका के मैसाचुसेट्स में एक व्यक्ति को सुअर की किडनी लगाई गई थी। सुअर की किडनी लगने वाला वह पहला इंसान था। हालांकि लगभग दो माह बाद उसका निधन हो गया।

एक आंकड़े की मानें दो दुनियाभर में लगभग 1 लाख लोग हैं, जो कि अंगदान का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन काफी का इंतजार कभी खत्म नहीं हो पाता। वहीं दूसरी ओर मेडिकल साइंस नित नए प्रयोग कर रही है ताकि लोगों के अंगदान के लिए लंबा इंतजार न करना पडे। विशेषज्ञ शोध कर रहे हैं कि जानवरों के अंगों का प्रयोग मानव शरीर के लिए किया जा सके। जानवरों के अंग का मानव शरीर में प्रत्यारोपण किया जा सके। ऐसा ही एक प्रयोग अमेरिका के मैसाचुसेट्स के निवासी रिक स्लेमैन के साथ हुआ।

62 वर्षीय रिक स्लेमैन को पिछले साल पता चला कि वे किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। बीमारी भी अंतिम चरण पर थी। ऐसे में उनके पास किडनी प्रत्यारोपण के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। डॉक्टर ने उनको समझा बुझाकर सुअर की किडनी लगवाने के लिए राजी कर लिया। डॉक्टर का कहना है कि ये उन लोगों के लिए आशा की किरण है जो अंगदान का इंतजार कर रहे थे। मार्च में उनकी किडनी का प्रत्यारोपण हुआ।

लगभग चार घंटे की सर्जरी के बाद किडनी प्रत्यारोपित हुई, इसके बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई थी। हालांकि डॉक्टर का मानना है कि नई किडनी वर्षों तक चल सकती है। उन्होंने कहा कि हम लगातार शोध कर रहे हैं कि पशु से मानव प्रत्यारोपण को सफल बनाने के लिए। रिक की मौत पर डॉक्टर ने भी संवेदना व्यक्त की।

# पीएम प्रचंड की पार्टी को बड़ा झटका,उप-प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव का इस्तीफा,सरकार से वापस लिया समर्थन

**काठमांडू,13 मई 2024।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का बड़ा झटका लगा है। दरअसल नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव ने अपना इस्तीफा दे दिया है। उनकी पार्टी ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। बता दें कि उपेंद्र यादव के पास स्वास्थ्य मत्रालंय भी था। उन्होंने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री प्रचंड को अपना इस्तीफा सौंपा। मधेसी नेता के करीबी सूत्रों का कहना है कि यादव के साथ साथ वन एवं पर्यावरण मंत्री दीपक कार्की ने भी इस्तीफा दिया है। कार्की भी उपेंद्र यादव की पार्टी के नेता हैं।

### दो हिस्सों में बंटी उपेंद्र यादव की पार्टी

जनता समाजवादी पार्टी नेपाल (जेएसपी-नेपाल) के अध्यक्ष उपेंद्र यादव का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब उनकी पार्टी दो हिस्सों में बंट गई। जेएसपी-नेपाल के वरिष्ठ नेता अशोक राय ने जनता समाजवादी पार्टी



(जेएसपी) नाम से अपने अलग दल का गठन किया है। चुनाव आयोग द्वारा जेएसपी को मान्यता दे दी गई है। बता दें कि उपेंद्र यादव की पार्टी जेएसपी-नेपाल के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव (एचओआर) में कुल मिलाकर 12 विधायक थे। पार्टी के दो हिस्सों में बंटने के बाद अब एचओआर में उनके महज पांच विधायक रह गए हैं। उधर, अशोक राय की पार्टी में छह विधायक और केंद्रीय समिति के 30 सदस्य शामिल हो गए हैं।

### पीएम प्रचंड के पास अभी भी बहुमत

प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के पास अभी भी बहुमत है। उनकी पार्टी को सीपीएन-यूएमएल के 77, माओवादी सेंटर के 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21, नवगठित जनता समाजवादी पार्टी के सात और सीपीएन-यूनिफाइड की 10 विधायकों का समर्थन हासिल है। बता दें कि 275 सदस्यीय एचओआर में बहुमत के लिए 138 सीटों की आवश्यकता होती है।

### सरकार गिराने की कोशिशों में विपक्षी दल

पूर्व पर्यावरण मंत्री और सीपीएन माओवादी सेंटर के नेता सुनील मनंधर का कहना है कि जेएसपी-नेपाल के समर्थन वापस लेने से पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, लंबे समय के लिए सरकार की स्थिरता पर असर पड़ सकता है। ये भी खबरें हैं कि विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की कोशिशें हो रही हैं। इसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल के नेतृत्व में जेएसपी-नेपाल और सीपीएन-यूएस को एकजुट करने की कोशिश की जा रही है।

# भारी बारिश के कारण नदी का स्तर बढ़ा,20 लाख लोग प्रभावित,मरने वालों की संख्या 140 के पार

**रियो डी जेनेरियो,13 मई 2024।** भूकंप के बाद आई भयंकर बाढ़ के कारण ब्राजील में तबाही मच गई। रविवार को भारी बारिश के कारण दक्षिणी ब्राजील में नदी का स्तर फिर एक बार बढ़ गया। बाढ़ के कारण अबतक 145 लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण रियो ग्रांडे डो सुल के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो सप्ताह से मूसलाधार बारिश के कारण नदियों का पानी कस्बों और क्षेत्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में घुस गया।

### भयंकर तबाही के कारण 20 लाख लोग प्रभावित

इस भयंकर तबाही के कारण लगभग 20 लाख लोग प्रभावित हुए। मौसम विशेषज्ञ इस जलवायु परिवर्तन को अल नीनो से जोड़ रहे हैं। राज्य प्रशासन ने बताया कि सभी प्रमुख नदियों का स्तर बढ़ रहा है। बाढ़ के कारण 132 लोग लापता हो गए, जबकि 619,000 लोगों को अपने घरों को छोड़ कर सुरक्षित



स्थानों पर जाना पड़ा। बाढ़ग्रस्त इलाकों में बचाव कार्य जारी है।

### स्थानीय लोगों ने मौजूदा स्थिति पर बात की

पोर्टो एलेग्रे में बाढ़ के पानी में घरों के सामान जैसे सोफा एवं अन्य चीजों को तैरते हुए देखा गया। साओ लियोपोल्डो में कई सारी कार आधी पानी में डुब गई। 36 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन क्लाउडियो द सिल्वा पड़ोस में स्थिति का जायजा लेने गए। उन्होंने बताया कि उनका घर पूरी तरह से टूट चुका है। मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरे जीजाजी के घर के बगल वाले घर की दूसरी मंजिल तक पानी भरा हुआ था। पानी का स्तर अब थोड़ा नीचे चला गया है और आप दूसरी मंजिल तक जा सकते हैं, लेकिन सब खराब हो गया।

50 वर्षीय एंटोनियो वेनजन ने इस स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने कहा, अगर बारिश बंद नहीं हुई तो क्या होगा? नदी का स्तर बढ़ गया है।पोर्टो एलेग्रे के दक्षिण में पेलोटास शहर की स्थिति बदतर हो चुकी है।

# किंग चार्ल्स अपने बेटे से नाराज ?

**प्रिंस हैरी से मिलने से किया था इनकार, अब डेविड बेकहम से की मुलाकात**





**लंदन,13 मई 2024।** ब्रिटेन के शाही घराने में प्रिंस हैरी से उनके पिता किंग चार्ल्स की नाराजगी जगजाहिर है। इस सप्ताह की शुरुआत में खबर आई थी कि किंग चार्ल्स की अपने बेटे हैरी से मुलाकात नहीं हो पाएगी। हालांकि, इन सब दावों के बीच किंग ने डेविड बेकहम के साथ एक निजी बैठक की।

### बेकहम से इस वजह से मिले

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 49 साल के इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कप्तान ने शुक्रवार को 75 साल के किंग्स चार्ल्स के साथ किंग्स फाउंडेशन पर चर्चा करने के लिए एक निजी बैठक की। कहा जा रहा कि बेकहम ने राजा से उनके चैरिटी फाउंडेशन के बारे में अधिक जानने के लिए उनसे मुलाकात की थी।

### सात मई को आए लंदन दौरे पर


ड्यूक ऑफ ससेक्स कहे जाने वाले प्रिंस हैरी इनविक्टस गेम्स के आयोजन के लिए सात मई को लंदन पहुंचे थे। प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेगन के साथ अमेरिका में रहते हैं। बीते दिनों नेटफ्लिक्स की एक डॉक्यूमेंट्री में और प्रिंस हैरी की आत्मकथा स्पेयर में शाही परिवार से जुड़े कई खुलासे किए गए थे। इसके चलते किंग चार्ल्स प्रिंस हैरी से नाराज हैं।

प्रिंस के प्रवक्ता ने मीडिया को बताया था कि वे अपने पिता किंग चार्ल्स से नहीं मिलेंगे। इसकी वजह किंग चार्ल्स के व्यस्त कार्यक्रम को बताया गया था। वहीं रॉयल कमेंटेटर चार्लेट ग्रिफिथ्स का मानना है कि प्रिंस हैरी ने किंग चार्ल्स से मुलाकात के लिए कुछ शर्तें रखी थीं, जिनकी वजह से किंग चार्ल्स ने प्रिंस हैरी से न मिलने का फैसला किया। प्रिंस हैरी की शर्त थी कि जब वे अपने पिता से मिलें तो उस वक्त कौन कमरे में रहेगा और कौन नहीं, ये वे तय करेंगे। हालांकि, किंग चार्ल्स ने हैरी की ये शर्त मानने से इनकार कर दिया।

### घर छोड़ने के बाद पहले भी आ चुके हैं

हैरी अपनी पत्नी मेघन और अपने दो बच्चों के साथ घर छोड़कर साल 2020 में कैलिफोर्निया चले गए थे। उस समय से पिता और पुत्र के बीच संबंध खराब होने लगे थे। हालांकि, कैलिफोर्निया के जाने के बाद भी वह बीच-बीच में ब्रिटेन आते रहते हैं। इससे पहले वह साल 2022 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यहां आए थे। उसके बाद पिछले साल अपने पिता के राज्याभिषेक में शामिल हुए।

# बाइडन ने कॉलेजों को जिहादियों के हवाले किया, फलस्तीनियों के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों को लेकर ट्रंप




**वॉशिंगटन,13 मई 2024।** हमास और इस्राइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका समेत कई देशों में गुस्सा भड़क गया है। दुनियाभर के छात्र इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी विरोध-प्रदर्शन को लेकर अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन को आड़े हाथ ले लिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके उत्तराधिकारी फासीवादियों से घिरे हुए हैं और उन्होंने कॉलेज परिसरों को जिहादियों और अमेरिका विरोधी चरमपंथियों के हवाले कर दिया है। ट्रंप ने आगे दावा करते हुए कहा कि जो लोग कॉलेज परिसर में हंगामा करने के लिए प्रदर्शनकारियों को धन दे रहे हैं, वही जो बाइडन के प्रचार अभियान को धन मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक कट्टरपंथी डेमोक्रेटिक पार्टी चला रहा है।

### अमेरिका में हो रहा है विरोध-प्रदर्शन

गाजा के लोगों की हालत को लेकर सबसे पहले अमेरिका के छात्रों ने आवाज उठाई। उन्होंने इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कम से कम यहां के 40 विश्वविद्यालय परिसरों में प्रदर्शनकारी एकत्र हो चुके हैं। इन लोगों ने गाजा पट्टी में बढ़ती मौतों की संख्या के विरोध में विश्वविद्यालय परिसरों में तंबू लगाए। अमेरिकी मीडिया के अनुसार,विरोध प्रदर्शनों को लेकर हजारों लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। विशेष रूप से,अमेरिका में कॉलेज परिसर एक हॉटस्पॉट बन गए हैं।

### अमेरिकी ध्वज को फाड़ने की कोशिश

रविवार को वाइल्डवुड में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, वह (बाइडन) हमारे कॉलेज परिसरों को अराजकतावादियों, जिहादियों और अमेरिकी विरोधी चरमपंथियों को सौंप रहे हैं जो हमारे अमेरिकी ध्वज को फाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, वे जहां जाते हैं, हर जगह आराजकता फैलाना चाहते हैं। वे हमारे झंडे को तोड़ना चाहते हैं। अभी हमारे कॉलेज परिसरों में अराजकता और हिंसा इसलिए हो रही है क्योंकि कुटिल जो बाइडन को नहीं पता कि वह क्या कर रहे हैं। वह बहुत ढीले हैं। मौजूदा राष्ट्रपति पर हमला करते हुए ट्रंप ने बाइडन और उनकी पार्टी से यहूदी-विरोधी, अमेरिका के प्रति नफरत फैलाने वालों और अराजकता से लिए दान को वापस करने को कहा।

### कॉलेजों पर कब्जा नहीं करने देंगे

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार ने कहा,जब मैं राष्ट्रपति बनूंगा तो हम हिंसक कट्टरपंथियों को अपने कॉलेजों पर कब्जा नहीं करने देंगे। अगर आप दूसरे देश से यहां आते हैं और हमारे परिसरों में जिहादवाद या अमेरिका विरोध या यहूदी-विरोध लाने की कोशिश करते हैं तो हम आपको तुरंत निर्वासित कर देंगे। हम ऐसे लोगों को स्कूल से बाहर कर देंगे।

CMYK

## अपनी कलम से अपनी आपबीती!




# पत्रकारिता की चुनौतीपूर्ण डगर...

## मैंने आइना दिखाने का प्रयास किया जो पत्रकारिता का मूल उद्देश्य था और रहेगा...इस सोच को कुछ ने स्वीकार किया तो कुछ ने अस्वीकारः रवि सिंह

**निष्पक्ष होकर मैंने अपना धर्म लोकतंत्र के चौथे स्तंभ होने का निभाया और दैनिक घटती-घटना के संपादक का निष्पक्ष खबरों में मिला सहयोग...**

**जनता कहती है सच लिखो...पर कैसे लिखें?...15 नोटिस और तीन एफआईआर मिल चुकी है तोहफे में...फिर भी लिखने को तैयार**

**जनता सच जानना,पढ़ना चाहती है और सच बताने में कानून के रक्षक व सत्ता से जुड़े लोग ही क्यों बन जाते रोड़ा?**

### आलोचनाएं निश्चित रूप से किसी को अच्छी नहीं लगती यह मानवीय गुण है

आलोचनाएं निश्चित रूप से किसी को अच्छी नहीं लगती यह मानवीय गुण है लेकिन यह आम मानव मनुष्य के लिए एक गुण माना जाता है जिसको लेकर मुझे कुछ नहीं कहना रहता कभी लेकिन जब बात लोकतांत्रिक ढांचे की हो जब बात व्यवस्था और सरकारी तंत्र से जुड़े लोगों की हो तब आलोचनाएं स्वीकार्य होनी चाहिए यही मेरे खबरों का आज तक का उद्देश्य रहा। सार्वजनिक जीवन सार्वजनिक हित संवर्धन जिम्मेदारी सभी को नहीं मिलती वह खास और कुछ सीमित लोगों को मिलती हैं और उन्हे आलोचनाओं को लेकर हर पल तैयार रहना चाहिए उसे स्वीकार करना चाहिए यही मैने अपनी एक धारणा बनाई हुई है और उसी अनुरूप मेरी खबरें होती हैं। खबरें भी मेरी या मेरे द्वारा प्रकाशित खुद की मानसिकता से या खुद की प्रेरणा से जनित होती हैं यह कहीं कोई नहीं पायेगा और न सिद्ध कर पाएगा मैने उन्ही विषयों पर पत्रकारिता धर्म का पालन करते हुए कुछ लिखा या प्रकाशित कराया जो देखा सुना या जिनके कुछ प्रमाण मेरे पास सूत्रों ने उपलब्ध कराए। लेकिन यही निस्पक्षता यही पत्रकारिता धर्म परायणता मेरे लिए कब घातक होती चली गई मैं समझ नहीं सका।

### खबरों सहित लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के विषय में लोगों को भी मैने हमेशा अलग-अलग तरह से हर बार बदलते देखा...

खबरों सहित लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के विषय में लोगों को भी मैने हमेशा अलग-अलग तरह से हर बार बदलते देखा महसूस किया,जब किसी अन्य की आलोचना हुई मय सबूत दूसरा प्रसन्न दिखा,लेकिन जब उसकी स्वयं की कोई बात आई वह नाराज हुआ। कुल मिलाकर क्षण क्षण में मेरे लिए लोग अलग अलग विचार रखते मुझे महसूस हुए कभी मैं उनका लगा उन्हे कभी उनका दुश्मन लगा,फिर भी मैंने परवाह किए बगैर अपना धर्म निभाना जारी रखा। सभी के लिए मेरे विषय में धारणा बदलती रही और वह अलग अलग समय पर अलग अलग विचार रखते रहे यह कहना भी पूरी तरह गलत होगा कुछ पाठक आरंभ से मेरे लिए मेरी प्रेरणा रहे जिन्होंने उत्साहित किया और मुझे सच लिखने की हिदायत के साथ यह भी सचेत किया की बचाकर भी खुद को चलना है उनका मैं आभारी हूं वरना शेष ने समय समय पर साथ दिया और साथ छोड़ा भी जब उन्हे अपना नुकसान दिखा मुझसे जुड़कर।

### मुझे मेरी निष्पक्षता और मेरी धर्म परायणता का काफी इनाम भी मिल चुका है

आज मुझे मेरी निष्पक्षता और मेरी धर्म परायणता का काफी इनाम भी मिल चुका है पत्रकारिता क्षेत्र में काम करते हुए निष्पक्ष समाचारों का प्रकाशन करते हुए जिसमे आज तक के मेरे सम्पूर्ण प्रकाशन के दौरान के कई प्रकाशनों को लेकर मुझे अब तक 15 कानूनी नोटिस मिल चुके हैं और तीन मामले कानूनी मेरे ऊपर पंजीबद्ध किए जा चुके हैं। जनता आज भी है कुछ जो प्रतिदिन कुछ न कुछ व्यवस्थागत सच जानना चाहती है मैं स्वयं मंशा रखता हूं की मैं निष्पक्ष होकर जनता के सामने सच लाता रहूं लेकिन यह कब तक संभव रह सकेगा यह कह नहीं सकता मैं। सच लिखने पर कानूनी नोटिस लेकर पुलिस दरवाजे पर आ रही है कुछ मामलो में अपराध भी पंजीबद्ध करने की जुगत में लगी रहती है ऐसे में सच की बात कैसे करूं कैसे प्रकाशन करूं समझ में नहीं आ रहा है। अपने पूरे पत्रकारिता क्षेत्र के कार्यकाल के दौरान आज तक मैंने आर्थिक लाभ की कामना या मंशा किसी के समक्ष नही रखी मैने यह माना की यह सच के सामने का रोड़ा है। अब उसके बावजूद भी इल्जाम कई लगे जिनमे आर्थिक लाभ लेने मांगने के बारे में शिकायतें हुई, नाराजगी उनसे भी नहीं जिन्होंने ऐसी शिकायतें की उनकी मजबूरी थी उन्हे उनके विरुद्ध उनकी करनी का सार्वजनिक प्रकाशन नापसंद था, इसलिए उन्होंने आरोप लगाए लेकिन वह स्वयं जानते हैं की उनके आरोप कितने सच हैं और वह कितने विश्वास के साथ आरोपों को साबित कर सकते हैं। आज व्यवस्था को लेकर लगातार कई बातें सामने आती रहती हैं सूत्रों से ही जानकारी मिलती रहती है, सूत्र से मिली जानकारियां ही खबरों का स्वरूप लेती हैं लेकिन जब वह खबर बन जाती हैं वहीं से खबर प्रकाशित करने वाले के लिए समस्या खड़ी हो जाति है।

### हर व्यक्ति की मंशा है की खबरों में उनका नाम प्रकाशित जरूर हो लेकिन उसमे उनकी महिमा की,आलोचना वह सहन नही करने वाले

आज व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति की मंशा है की खबरों में उनका नाम प्रकाशित जरूर हो लेकिन उसमे उनकी महिमा जरूर उल्लेखित हो आलोचना वह सहन नही करने वाले यह वह जताते चले आ रहे हैं। किसी खबर का प्रकाशन यदि मेरे द्वारा किया जाता है तो उससे जुड़ी उसके गुण और उसके दोष का भी प्रकाशन हो यह मेरा प्रयास होता है, वहीं यही बात खबरों को लेकर व्यवस्था से जुड़े लोगों को स्वीकार नहीं। अब ऐसे में निष्पक्ष और स्वतंत्र लेखन कैसे संभव होगा यह विचारणीय है। मैने खुद पर दर्ज या खुद के लिए जारी कानूनी नोटिसों की भी परवाह कभी नहीं की और लिखता रहा जो मुझे जानकारियां मिलती रहीं, आज उसका परिणाम ही है की दोस्तों से ज्यादा मेरे विरोधी मेरे साथ हैं आस-पास हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी मैंने काफी कुछ लिखा और उस दौरान मैंने विचित्र स्थिति पाई राजनीतिक क्षेत्र में पल पल में खबरों का स्वरूप बदलने का दबाव मुझे सामने से देखने को मिला। कौन कब किस करवट बैठेगा यह मैने राजनीतिक क्षेत्र के विषय लेखन के दौरान अपनी समझ से परे समझ माना।

### कब समर्थक कब विरोधी ऐसे मामले मेरे सामने कई बार आते रहे और मैने इस दौरान पाया की यह क्षेत्र विचित्र क्षेत्र है

कब समर्थक कब विरोधी ऐसे मामले मेरे सामने कई बार आते रहे और मैने इस दौरान पाया की यह क्षेत्र विचित्र क्षेत्र है और यहां सिद्धांत नहीं अवसर और व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से लोग जुड़े हुए हैं जिसकी वजह ही है की उनकी विचारधारा कब बदल जाए कहा नहीं जा सकता। आज मेरे समक्ष एक विकट स्थिति है,आज मेरी खबरों में से एक शब्दों का चयन किया जा रहा है और उसके अनुसार मुझे दोषी और अपराधी घोषित करने का प्रयास जारी है जो विषय सुधि पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। वैसे पत्रकारिता को आय का और बेहतर आय का जरिया मैने बनाया होता आज वह लोग जो मुझे परेशान करने में लगे हुए हैं वह मेरा गुणगान करते मुझे मान सम्मान देते यह मैं स्वीकार करता हूं,लेकिन मैने ठान रखा है की जबतक संभव होगा मैं अपनी निष्पक्षता कायम रखूंगा जिसको लेकर मेरे प्रयास जारी हैं और जारी रहने वाले हैं शेष अब जब तक अवसर मिलता रहे।

## जनप्रतिनिधियों की आलोचना पत्रकार को पड़ता है महंगा,तो कभी शासन प्रशासन की कमियां,तो कभी अवैध कारोबारियों का खबर प्रकाशित करना पत्रकार के लिए मुसीबत

























-रवि सिंह-
कोरिया,13 मई 2024
(घटती-घटना)।

कभी पत्रकारिता समाज का दर्पण कहलाया करता था,जिसमें सभी का चेहरा दिखाया जाता था पर इस समय दर्पण मानना कोई नहीं चाहता, यदि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता यदि दर्पण दिखाता है तो उसके लिए ही समस्या खड़ी हो जाती है, लोग चाहते तो हैं कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ निष्पक्ष और निर्भीक होकर सच दिखाए पर कैसे सच दिखाएं सच दिखाने पर परेशानियां भी कम नहीं होती? कभी प्रशासनिक नोटिस पत्रकार को परेशान करते हैं तो कभी छलपूर्वक एफआईआर उसके लिए मानसिक अवसाद का कारण बनती है। दैनिक घटती-घटना के पत्रकार को सच दिखाने के चक्कर में तकरीबन एक दर्जन से ज्यादा नोटिस मिल चुका है और तीन एफआईआर दर्ज हो चुके हैं उसके ऊपर वहीं न्यायालय में परिवाद भी झूठी शिकायतों पर दर्ज हो रहा है। यदि मैं खुद की बात करूं तो पत्रकारिता पेशे से जुड़ने की मेरी ईक्षा कब मेरे मन में बलवत होती चली गई मैं नहीं जान सका, लेकिन जबसे इस पेशे से जुड़ा निष्पक्ष होकर मैंने अपना धर्म लोकतंत्र के चौथे स्तंभ होने का निभाया। खबर प्रकाशन को लेकर मैने हमेशा आइना दिखाने का ही प्रयास किया जो पत्रकारिता का मूल उद्देश्य था है और रहेगा लेकिन उसे कुछ ने स्वीकार किया वहीं कुछ ने अस्वीकार किया, निष्पक्ष होकर लिखना और उसका प्रकाशन भी करना यह बड़ी बात नहीं है लेकिन इसके लिए एक मजबूत ईक्षाशक्ति की जरूरत होती है जिसका आभाव मैंने खुद में आज तक तो नहीं पाया। निष्पक्ष लेखन पत्रकारिता क्षेत्र में मेरी इस हिसाब से भी मानी जाने लगी की मेरे प्रकाशन या मेरी विचारधारा मेरी सोच नकारात्मक है और उसी हिसाब से खबरों का मेरी पठन किया जाता रहा। मैने किसी की परवाह नहीं की लिखता गया मुझे अपने समाचार पत्र समूह का भी साथ मिला, जिन्होंने खबरों को लेकर कभी समझौता नहीं किया और इस तरह एक निष्पक्ष और निस्वार्थ भाव खबरों के प्रति मेरी लोग देखते पढ़ते रहे।

### सत्यता की जांच का काम पत्रकार का नहीं होता

वैसे जनचर्चा साथ ही सूत्रों से मिली जानकारी ही खबरें बनती हैं और उसकी सत्यता की जांच का काम पत्रकार का नहीं होता,इसके लिए बकायदा शासकीय विभाग तय हैं और वह अपना काम करते रहें यदि निष्पक्ष और निस्वार्थ होकर उन्हे किसी पर अपराध खबरों के आधार पर दर्ज करने की जरूरत नही पड़ेगी। अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है और उसी का पालन समाचार लेखन में भी किया जाता है,अब अभिव्यक्ति भी यदि दबाई जायेगी कुचली जायेगी तो फिर अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता की बात स्वतंत्र राष्ट्र में करना ही बेमाने साबित होती रहेगी। खबरें सत्यता के करीब होती हैं जब वह सूत्र जनित या जन चर्चाओं अनुसार प्रकाशित होती हैं वहीं घट चुकी घटनाओं से भी समाचार ही अवगत कराते हैं जनसामान्य को। वैसे यदि कोई विषय सत्यता के करीब है तो उसकी सत्यता प्रमाणित करने का काम कानून का है यदि वह सत्य साबित कभी नहीं भी होता तो उसको लेकर अपराध दर्ज करना कितना उचित नोटिस भेजना कितना उचित यह विचारणीय पहलू है। वैसे द्वेष एक अलग विषय हो सकता है अपनी ख्याति के विरुद्ध सही आरोप भी गलत लगना महसूस होना मानव स्वभाव है और उसके बावजूद सब कुछ सुन समझकर आगे बढ़ना न्याय के साथ आगे बढ़ना ही मिली जिम्मेदारी का सही निर्वहन माना जायेगा।

### निष्पक्ष खबर से मिले तोहफे पर एक नजर...

**सबसे पहला नोटिस मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक के करीबी पार्षद का** मुझे एक खबर प्रकाशन के बाद या प्रकाशन मामले में पहला नोटिस एक पार्षद के शिकायत पर भेजा गया था कानूनी जो मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक के करीबी थे और जिसमे मैंने उपस्थित होकर कानून का पालन किया था जवाब दिया था जहां मुझे घंटो बैठाया गया था और मुझे परेशान करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी गई थी। तब सरकार भी उन्हीं की थी जिन्होंने नोटिस भेजा था।

**दूसरा नोटिस तत्कालीन बैकुंठपुर तहसीलदार का**-दूसरा नोटिस मुझे तत्कालिन तहसीलदार बैकुंठपुर का प्राप्त हुआ था जिसमे मुझे राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत होना पड़ा था और मैंने वहां भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी कानून का पालन किया था। मामला सत्य खबरों की ही वजह से था और मेरी खबरों को ही शिकायत का आधार बनाया गया था।

**तीसरा नोटिस श्रमिक नेता का**-मुझे तीसरा कानूनी नोटिस कोयला कामगार एक मजदूर संघ के नेता द्वारा भेजा गया था जिसमे भी मेरी खबरों को ही आधार बनाया गया था शिकायत के लिए।

**चौथा नोटिस पटना के एक डॉक्टर के शिकायत पर मिली**- चौथा नोटिस मुझे पटना निवासी एक डॉक्टर ने भेजा था जिसमे भी मैने जवाब कानून का पालन करते हुए दिया था जबकि मुझे बेवजह दिनभर बैठाए रखा गया था जवाब लेने मात्र के लिए और शिकायत का आधार एक खबर ही थी।जबकि आधार और खबर सही थी।

**पांचवा नोटिस भाजपा के जिलाध्यक्ष की शिकायत पर**- पांचवां नोटिस भाजपा जिलाध्यक्ष ने भेजा था और जिसका भी मैने जवाब कानून का पालन करते हुए दिया था और जो भी समाचारों के कारण ही भेजा गया था जो जानकारी सामने आई।

**छठवां नोटिस बैकुंठपुर के एक अधिवक्ता की शिकायत पर**- छठवां नोटिस बैकुंठपुर के एक अधिवक्ता के माध्यम से मुझे मिला था जिसमे भी मेरी खबर ही उनकी शिकायत की वजह थी जिसमे मैंने नियमानुसार जवाब दाखिल किया था।

**सातवां नोटिस एक एडिशनल एसपी पखांजूर की शिकायत पर**- सातवां नोटिस मुझे एक एडिशनल एसपी ने भेजा था जिन्होंने पंखाजूर से नोटिस भेजा था जो भी खबरों के लिए ही भेजा गया नोटिस था।

**आठवां नोटिस तत्कालीन एसडीएम बैकुंठपुर**- आठवां नोटिस मुझे तत्कालीन श्री दुबे एसडीएम बैकुंठपुर ने भेजा था जिसका आधार भी खबर ही था।

**तकरीबन 4 नोटिस कोरिया पुलिस का**- चार अलग-अलग नोटिस अब तक कोरिया पुलिस का मुझे प्राप्त हो चुका है जिसमे भी मेरी खबरें उन्हे अप्रिय लगीं इसलिए उन्होंने नोटिस भेजा यह नोटिस की ही बातें विषय बताती हैं।

**13 वां नोटिस उप निरक्षक आरपी साहु की शिकायत पर**- एक नोटिस उप निरीक्षक पुलिस आरपी साहू की शिकायत पर भी जारी हुआ मैंने जवाब दाखिल किया जिसके जारी होने के पीछे का भी कारण समाचार ही था।

**14 वां नोटिस प्रभारी डीपीएम प्रिंस जायसवाल के अधिवक्ता की**- मुझे 14 वां नोटिस कोरिया जिले के पूर्व प्रभारी स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम के अधिवक्ता ने जारी किया जिसका भी आधार या कारण समाचार ही था। डीपीएम प्रिंस जायसवाल के भ्रष्टाचार को खबर बनाने पर नोटिस उनके अधिवक्ता ने भेजा था।

**15 वां नोटिस असफाक के शिकायत पर सूरजपुर पुलिस द्वारा**- मुझे 15 वां नोटिस सूरजपुर पुलिस ने भेजा है जिसमे असफाक उल्लाह की तरह से की गई शिकायत को आधार बनाया गया है। असफाक उल्लाह के विरुद्ध पुलिस ने एक भी जांच नहीं की वहीं उसके कहने पर पुलिस ने तत्काल पत्रकार को नोटिस भेज दिया है।

**16 वां नोटिस असफाक के अधिवक्ता की तरफ से**-16 वां नोटिस जो मानहानि के लिए जारी किया गया है वह असफाक उल्लाह के अधिवक्ता ने जारी किया है जिसके पीछे भी खबर ही आधार है।

**पहला एफआईआर एक वायरल चैट पर,जिसे बनाया था खबर**- मुझ पर सबसे पहला एफ आई आर एक वायरल चैट को खबर बनाए जाने के कारण दर्ज किया गया और उस वायरल चैट पर अपराध तो मुझ पर दर्ज किया गया लेकिन उसकी सच्चाई आज तक पुलिस सामने नहीं रख सकी क्योंकि मामला विभागीय था।

**दूसरा एफआईआर भाजपा जिलाध्यक्ष के शिकायत पर**- भाजपा जिलाध्यक्ष के एक शिकायत को आधार बनाकर मुझ पर दूसरा प्रकरण दर्ज किया गया और मजेदार बात यह है की जिस मामले में अपराध दर्ज किया गया वह शिकायत ही भाजपा जिलाध्यक्ष एक तरह से वापस ले चुके हैं उन्हे कोई कार्यवाही मामले में नहीं चाहिए अपनी शिकायत मामले में वह लिखकर दे चुके हैं लेकिन फिर भी अपराध दर्ज किया गया।

**तीसरा एफआईआर एक अन्य के नाम से जिसकी जानकारी अभी तक मिल नहीं पाई**- एक अन्य अपराध दर्ज किया गया है क्या मामला है जानकारी नहीं मिल सकी है अब तक लेकिन अपराध दर्ज किया गया है सूत्रो का कहना है। अब वह किस मामले और किस खबर को आधार बनाकर दर्ज किया गया है यह जब वह मामला सामने आएगा तभी पता चल पाएगा।

**पत्रकार ने भी सभी नोटिस का किया सामान और दिया जवाब**...मैने सभी जारी नोटिस का जवाब समय पर उपस्थित होकर दिया है और कानून का पूरा सम्मान किया है। किसी नोटिस मामले में मैंने कभी विलंब नहीं किया है जवाब देने में।

**दो मामला न्यायालय में विचाराधिन**- मेरे विरुद्ध दो मामले माननीय न्यायालय में विचाराधीन हैं जिनमे मुझे न्याय मिलेगा जिसका मुझे विश्वास है क्योंकि खबरों के आधार पर ही मुझ पर मामला चल रहा है फिर भी सच लिखना जारी।

### अभी तो मुझे छोटे मोटे मामलों में ही उलझाया गया है कब कोई बड़ा मामला बना दिया जाए इसकी संभावना बनी रहती है...

आज पत्रकारिता क्षेत्र बड़ा व्यापक और बड़ा वृहद आकर्षित करने वाला क्षेत्र है जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और लोग इस क्षेत्र में आ रहे हैं, वहीं यदि पत्रकारिता क्षेत्र में यदि कोई निष्पक्ष होता है उसकी पूरी तरह उन्मूलन में सत्ता व व्यवस्था से जुड़े लोग लग जाते हैं। मुझे आज तक जितने मामलों में उलझाया गया जो उलझाने वाले भी जानते हैं की उनके आरोप कितने सही हैं उनमें से सभी की बानगी भी मैं प्रस्तुत कर रहा हूं। उद्देश्य मेरा यह नहीं है की मुझे सहानुभूति मिले मुझे किसी का समर्थन मिले उद्देश्य इतना मात्र इस लेख का की पाठक भी जाने की निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करना कितना जोखिम भरा काम होता है। और अभी तो मुझे छोटे मोटे मामलों में ही उलझाया गया है कब कोई बड़ा मामला बना दिया जाए इसका भी कोई भरोसा नहीं इसलिए पहले से ही आशकाओं को पाठकों के सामने रखना मेरा कर्तव्य,वैसे मैंने अपने किसी लेख समाचार से आज तक किसी समुदाय धर्म सहित किसी व्यक्ति के लिए ऐसा कोई अघात नहीं पहुंचाया जो प्रायोजित हो या जो मेरी मंशा से जनित कोई विषय रहा हो जो कुछ तथ्य सहित सामने आया वह खबर मैने प्रकाशित करने का अपना धर्म निभाया किसी को अच्छा लगा किसी को बुरा। वैसे खबर कर्ण प्रिय ही हो यह सोचकर ही यदि सत्ता राजनीति या व्यवस्था से जुड़े लोग चलते हैं तो उन्हे पत्रकारिता पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा देना चाहिए,वहीं या तो सेंसर बोर्ड की तरह किसी इकाई का निर्माण करना चाहिए जहां से परिक्षण उपरांत ही कोई समाचार प्रकाशित हो सके, ऐसे में कभी सच से किसी को परेशानी नहीं होगी साथ ही वह समाचार प्रकाशित होगा जो सत्ता राजनीति साथ ही व्यवस्था से जुड़े लोग पसंद करते हैं उनकी मंशा जैसे अखबारों को समाचारों को लेकर होती है जिसमे सच के शिवाय सब कुछ होता है।

### सुधि पाठकों सच पढ़ना सुनना सभी चाहते हैं लेकिन वह सच अपने लिए वह नहीं सुनना चाहते क्यों?

सुधि पाठकों सच पढ़ना सुनना सभी चाहते हैं लेकिन वह सच अपने लिए वह नहीं सुनना चाहते और यही वजह है की सच लिखने वाला आज हाशिए पर है अपराधी उसे बनाने में कोई संकोच नहीं किया जा रहा है,जबकि न्याय का कहना है अपराधी भले कई बच जाएं एक निर्दोष न प्रभावित हो किसी मामले में लेकिन निष्पक्ष पत्रकारिता मामले में सच यह है की सबसे बड़ा सबसे संगीन जुर्म करने वाला अपराधी आज के युग में वही है जो सच लिखता है और सच का एक एक शब्द समाचारों में प्रकाशित करता है।

# क्या कोरिया के आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला बाल विकास मंत्री का रिश्तेदार करा रहा रंगरोगन का काम ?

» चहेतो को काम देने की यह कैसी नीति,क्या कोरिया में नही है पार्टी कार्यकर्ता ?

» दिन भर मंत्री के साथ घूमने वाला रिश्तेदार कर रहा रंगरोगन का कार्य, दिखाई दे रही खानापूर्ति

-रवि सिंह-
कोरिया,13 मई 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय जैसी लूट मची थी कार्यकर्ता और पदाधिकारी से लेकर मंत्री विधायकों के रिश्तेदार मनमाफिक काम कर रहे थे ठीक उसी प्रकार अब भाजपा सरकार में देखा जा रहा है, शासकीय कार्यों में मंत्री के सह पर मनमानी की जा रही है,चहेते रिश्तेदारों को काम दिया जा रहा है, मंत्री का आशिर्वाद होने के कारण काम में लीपापोती भी की जा रही है। मंत्री के रिश्तेदार द्वारा काम किये जाने के कारण अब स्थानीय कार्यकर्ताओं मे नाराजगी भी देखी जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आंगनाबड़ी केन्द्रों का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से होता है,इस विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े हैं। और उनके तथाकथित भाई केशव राजवाड़े के द्वारा कोरिया जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पुताई का काम मंत्री के दबाव से लिया गया है। सूत्रों ने बतलाया कि उक्त युवक मंत्री के साथ ही प्रवास पर रहता है और इसी प्रकार उसके द्वारा विभाग मे पुताई के साथ साथ कई काम किया जा रहा है। उसके द्वारा महिला बाल विकास विभाग के कार्यालयों में जाकर रिश्तेदार बतलाते हुए अधिकारियों पर दबाव बनाया जाता है,उक्त युवक कोरिया जिले का ही निवासी है और पूर्व में मेडिकल स्टोर में काम करता था। सूत्रों का कहना है कि महिला बाल विकास मंत्री द्वारा विभागीय काम काज में भाई भतीजा वाद को बढावा दिया जा रहा है,हलांकि इसमें मुख्य भुमिका मंत्री के पति की बतलाई जाती है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार मंत्री के भाई द्वारा प्रति आंगनबाड़ी 1000 रूपये की दर से एक पेंटर को पुताई का काम दिया गया है जबकि प्रति आंगनबाड़ी 3000 रूपये की दर तय है। भर्राशाही का आलम यह है कि आंगनबाड़ी केन्द्र में सिर्फ बाहरी दिवार की पुताई और उसमें कुछ चित्रकारी की जा रही है बाकि अंदर की दीवारों को छोड़ दिया जा रहा है।



## मंत्री के साथ सक्रिय है रिश्तेदारों का गुट

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ उनके रिश्तेदारों का एक गुट सक्रिय है जैसा कि बतलाया जाता है। मंत्री के रिश्तेदार अपने मनमुताबिक लोगो का काम करने की सलाह देते हैं उनके द्वारा स्वहित पहले देखा जाता है और जनता का हित बाद में। बतलाया जाता है कि मंत्री के द्वारा अपने साथ रिश्तेदारों को रखकर भाई भतीजावाद को बढावा दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में रिश्तेदार घूम घूमकर विभागीय अधिकारियों पर दबाव बनाकर काम ले रहे हैं।

### 400 से अधिक केन्द्रों का काम

कोरिया जिले मेंदो परियोजानाएं है,सोनहत और बैकुंठपुर, इनमें आंगनबाड़ियों की संख्या 600 से अधिक है। लेकिन लगभग 450 आंगनबाड़ी केन्द जिनका स्वयं का अपना भवन है उनमें वर्तमान में पुताई का काम चल रहा है। एक आंगनबाड़ी केन्द्र में पुताई की लागत 3000 रूपये बतलाई जाती है।

### स्थानीय विधायक से हुई शिकायत

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा और आंशिक भरतपुर सोनहत विधानसभा में भाजपा समर्थित विधायक हैं,काम इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को ना देकर मंत्री के रिश्तेदार द्वारा खुद किया जा रहा है। इससे कार्यकर्ताओं में भी आक्रोश देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि चनाव में काम हम करते हैं और इस प्रकार काम मंत्री के द्वारा भाई से कराया जा रहा है जो कि गलत है। एक कार्यकर्ता जो कि खुद पेंटर का काम भी करता है और अपने परिवार का जीवन यापन करता है उसके द्वारा स्थानीय विधायक से भी इस बात की शिकायत की गई है।

## मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भी जारी है लूट खसोट

पहली बार मंत्री बनीं लक्ष्मी राजवाड़े के कुछ खास रिश्तेदारों द्वारा कोरिया जिला ही नही बल्कि उनके विधानसभा क्षेत्र भटगांव में भी इसी प्रकार लूट खसोट मचाये जाने की जानकारी मिल रही है। बतलाया जाता है कि मंत्री पति द्वारा कार्यो का बंटवारा किया जाता है, पूरे विधानसभा क्षेत्र में मंत्री के रिश्तेदार सक्रिय हैं और विभागीय काम काज मे पूरा हस्तक्षेप कर रहे हैं। नियमों को दरकिनार कर कार्यों में बंदरबाट किया जा रहा है जिससे वहां भी अराजकता की स्थिति निर्मित हो रही है।

### मंत्री नाम की,जलवा मंत्री पति का ?

इस बार भाजपा ने भटगांव सीट पर नया प्रयोग करते हुए लक्ष्मी राजवाड़े को मैदान में उतारा था, और सफलता भी प्राप्त हुई। राजनैतिक समीकरण के बाद लक्ष्मी राजवाड़े को प्रदेश में महिला बाल विकास मंत्री पद की जवाबदारी दी गई है लेकिन उनके पति मुख्य भुमिका निभाते हैं। पत्नी नाम मात्र की मंत्री है जबकि विभाग का संचालन और पूर्ण रूपेण हस्तक्षेप मंत्री पति का ही बतलाया जाता है। सूत्रों का कहना है कि मंत्री सिर्फ हस्ताक्षर करती हैं जबकि सारा निर्णय मंत्री पति द्वारा ही लिया जाता है। मंत्री पति द्वारा प्रदेश के विभागीय अधिकारियों के साथ ही गृह जिले के अधिकारी कर्मचारियों को मोबाईल के माध्यम से दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं। मंत्री पति ही तय करते हैं कि उनके विधानसभा से लेकर प्रदेश भर में कौन सा कार्य कौन करेगा। सूत्रों का दावा है कि मंत्री पति विभागीय बैठकों में भी शामिल होते हैं और अधिकार के बगैर अधिकारियों को निर्देश देते हैं।

## केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी कक्षा 10 वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



-संवाददाता-
चिरमिरी/एमसीबी,13 मई 2024 (घटती-घटना)।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किये गये। केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय में कक्षा 10 वीं के छात्र प्रियांशु राय ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र शौर्य सरोज ने द्वितीय एवं छात्रा अर्पिता बेहरा ने 93 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में वाणिज्य संकाय के छात्र अक्षय अग्रवाल ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही विज्ञान संकाय में छात्र भास्कर मैती ने 87.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के परीक्षा परिणामों पर प्राचार्य एन.के. सिन्हा ने समस्त शिक्षको को साधुवाद देते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।

# दो माह पूर्व कोरिया के रनाई गांव में घायल अवस्था में मिला सूरजपुर का होटल संचालक की मौत

» दो माह पूर्व एक संदिग्ध अवस्था में मिला था घायल,12 मई को इलाज के दौरान हुई मौत

» शिकायत पर कार्यवाही न होने पर थाना के सामने किया प्रदर्शन

» परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप शव को थाना के सामने रख परिजनों एवं वार्ड वासियों का धरना

-संवाददाता-
कोरिया/सूरजपुर,13 मई 2024
(घटती-घटना)।

13 मई को युवक की मौत के बाद परिजनों व साहू समाज के सैकड़ों लोगों ने किया पटना थाना का घेराव। थाना के सामने पीकप वाहन में शव रख कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे प्रदर्शनकारी। पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही करने की समझाईश व आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। 12 मई संदिग्ध अवस्था मे घायल की मौत होने के बाद मृतक के परिजन शव को लेकर सुरजपुर के मानपुर से कोरिया के पटना थाने पहुंचे और थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव के अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

मिली जानकारी के अनुसार दो महिना पूर्व 5 मार्च की रात रनई निवासी शिव प्रसाद साहू के घर सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना के अंतर्गत ग्राम कैलाशपुर से अमिताब साहू की बारात आई थी,बारात में अमिताब साहू का जीजा मानपुर (सूरजपुर) निवासी दिलकेश्वर साहू पिता धनूकधारी साहू भी शामिल था और बारात के दौरान रात्री करीब 9 से 10 बजे के बीच रनई में नेशनल हाईवे क्रमांक 43 सड़क किनारे नाली में दिलकेश्वर साहू घायल अवस्था में मिला जिसके सिर में गंभीर चोट लगा हुआ था जिसे ईलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना ले जाया गया जहां से जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर एसके बाद नवकार हांस्पीटल रायपुर रेफर कर दिया गया जहां सिर का आपरेशन हुआ था लेकिन उसे दो महिने से होष नहीं आया था, परिजनों द्वारा घटना की रिपोर्ट 11 मार्च को पटना थाना में दर्ज कराया गया लेकिन पुलिस दो महिनों में घटना कैसे हुई, दिलकेश्वर के साथ मारपीट हुई या स्वयं किसी दुर्घटना का शिकार हो गया इस बात का पता नहीं लगा सकी इस दौरान 12 मई को ईलाज के दौरान दिलकेश्वर साहू की मौत हो गई और परिजनों के साथ साथ साहू समाज के पदारधिकारी, सदस्य एवं मृतक के गांव के लोग शव को पटना थाना लेकर पहुंच गए और थाना के सामने पीकप में शव को रख कर थाना का घेराव कर पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी जांच व कार्यवाही न हरने का आरोप लगाते हुए यह कहने लगे कि दिलकेश्वर साहू के साथ मारपीट हुई थी उसे मारकर फेंक दिया गया था इसके बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों को नहीं पकड़ा जा रहा है, सभी आरोपियों को पकड़ कर उचित कार्यवाही करने की मांग करने लगे और एक घंटे से भी अधिक समय तक थाना का घेराव करके रखे रहे। सभी को समझाते हुए उप पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि 11 मार्च को मामले सूचना एसपी कार्यालय को मिली है, प्रारंभिक जांव व बयान के आधार पर मामला क्या है समझ में नहीं आरहा था अब जैसे ही पीएम रिपोर्ट आता है वैसे ही इस मामले की सूक्ष्मता से जांच की जायेगी और आरोपियों पर उचित कार्यवाही की जायेगी तब जाकर प्रदर्शन कर रहे लोगों का गुस्सा शांत हुआ और वे शव अपने गृह ग्राम अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए।





2 महिनों में नहीं हुई कार्यवाही- मृतक दिलकेश्वर के मामले में मृतक के भाई व परिजन पटना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कुछ संदेहियों का नाम देकर मारपीट करने का आरोप लगाकर जांच व कार्यवाही की मांग कर रहे थे लेकिन पटना पुलिस द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया जिस वजह से इस के हालात निर्मित हुए।

### दिखी पुलिस की लापरवाही

दिलकेश्वर साहू के मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के दो महिना बाद भी पटना पुलिस को घटना के संबंध में पूर्ण जानकारी नहीं हो सकी जिससे अंदाजा लगाया जारहा है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से न लेते हुए पूरी तरह से लापरवाही बरती है।

# 10 वीं,12 वीं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

-संवाददाता-
कोरबा,13 मई 2024
(घटती-घटना)।

दसवीं और बारहवी बोर्ड के नतीजें आने के साथ खुशियों में समाएं शुभ अग्रवाल, गामिनी कुमारी और कृतिका कुमारी के लिए आज का दिन भी खुशियों से भरा रहा। जिले के गौरव इन तीनों होनहार विद्यार्थियों से मिलते ही कलेक्टर अजीत वसंत ने न सिर्फ उनकी पीठ थपथपाई, अपितु मिठाई खिलाकर टैबलेट देकर उन्हें लक्ष्य हासिल करने और सफलता की राह में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर के हाथों टैबलेट और उनसे मिले सम्मान पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यह टैबलेट उनके बहुत काम आएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मुकाम को पाने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान चुनौतियां भी सामने आती हैं। आप सभी को चुनौतियों से घबराना नहीं है। जो भी लक्ष्य है उसे प्राप्त करना है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 परिणाम में राज्य में मेरिट आने वाले तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का आज कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई ने सम्मान किया। उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में पांचवा तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गामिनी कुमारी कंवर अंक प्रतिशत 98 एवं राज्य में दसवां स्थान तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कुमारी कंवर,हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभ अग्रवाल को टैबलेट, पेन और किताबें प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर श्री वसंत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें। उन्होंने सफलता और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे से तैयारी करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मनोज पाण्डेय, सहायक संचालक के.आर. डहरिया आदि उपस्थित थे। इस दौरान दसवीं कक्षा में पांचवा और दसवां स्थान प्राप्त करने वाली जिले के होनहार छात्रा गामिनी कुमारी कंवर एवं कृतिका कुमारी कंवर ने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहती हैं। कक्षा बारहवीं में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाले शुभ अग्रवाल ने बताया कि वह चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहते हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा सी.ए.बनने हेतु की जाने वाली तैयारी तथा संस्थानों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े और किसी भी चुनौती से न घबरायें। प्रयास और परिश्रम से सफलता अवश्य मिलती है।



# अब संगठन ने झारखंड में लगाई देवेन्द्र तिवारी की चुनाव ड्यूटी

» प्रदेश में मोहला मानपुर में निभा चुके हैं...महत्वपूर्ण भूमिका

» कोरिया में भी चुनाव संचालन की मिली थी जिम्मेदारी



-संवाददाता-
कोरिया,13 मई 2024
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन ने जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी पर विश्वास व्यक्त करते हुए उनकी ड्यूटी झारखंड में लगाई है, पिछले चार दिनों से वे प्रभार क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। संगठन में देवेन्द्र तिवारी का बढता कद उनके उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य की ओर ईशारा कर रहा है। ज्ञात हो कि इन दिनों लोकसभा का चुनाव चल रहा है,अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग चरणों में चुनाव संपन्न हो रहे हैं। प्रदेश में राजनांदगांव लोकसभा सीट में भी पिछ्ले महीने ही चुनाव संपन्न हुआ है और इस लोकसभा सीट अंतर्गत मोहला मानपुर जैसे घोर नक्सल एवं संवेदनशील विधानसभा क्षेत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष को जिम्मेदारी सौपी गई थी,1 माह के अथक परिश्रम से उन्होनें इस क्षेत्र में पार्टी के लिए काम किया है। इसके बाद कार्य क्षमता को देखते हुए श्री तिवारी को कोरिया जिला अंतर्गत भरतपुर सोनहत और बैकुंठपुर विधानसभा में काम करने हेतु भी प्रदेश संगठन द्वारा अलग से अधिकृत किया गया था, यहां भी उन्होने बखूबी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कम समय में किया और संगठन के विश्वास पात्र बने। अब झारखंड के गिरीडीह लोकसभा अंतर्गत डुमरी विधानसभा में उन्हे चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है,इस सीट पर छठवे चरण में 25 मई को मतदान होना है। इस सीट का संयोजक मंत्री रामविचार नेताम को बनाया गया है। प्रदेश संगठन से मिली जिम्मेदारी के बाद जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी अपने प्रभार क्षेत्र डुमरी विधानसभा पहुंच गए हैं और उनके द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है। ज्ञात हो कि इस लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन से उम्मीदवार मैदान में है जिनके प्रचार की जिम्मेदारी देवेन्द्र तिवारी को मिली है। इसी लोकसभा अंतर्गत गोमिया विधानसभा में शशिनाथ तिवारी और टुंडी विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे को जिम्मेदारी दी गई है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल पंप हाउस में भर्ती के लिए लॉटरी कल

-संवाददाता-
कोरबा,13 मई 2024
(घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल पंप हाउस कोरबा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा पहली में रिक्त 50 सीट, कक्षा दूसरी में रिक्त 02 सीट, कक्षा 6वी में रिक्त 1 सीट व कक्षा 8वी में रिक्त 02 सीटों पर लॉटरी 15 मई को संपन्न की जाएगी। प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले पात्र अभिभावक प्रातः 10 बजे विद्यालय में उपस्थित होकर लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। पात्र/अपात्र आवेदकों की सूची विद्यालय की सूचना पटल पर देखी जा सकती है साथ ही साथ विद्यालय की वेबसाइट पर भी सूची का अवलोकन किया जा सकता है । 13 व 14 मई को विद्यालय समय में प्रातः 8 से 1 बजे तक उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्यालय में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पश्चात् पात्र/अपात्र सूची आपात्ति हेतु विद्यालय की वेबसाइट एवं दावा विद्यालय में स्थित सूचना पटल में जारी कर दी गई है। 13 से 14 मई तक विद्यालयीन समय प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर दावा/आपात्ति प्रस्तुत कर सकते है ।




# चलती कार में आग लगने से एक शिक्षक की हुई मौत

-संवाददाता-
कोरबा,13 मई 2024 (घटती-घटना)।

जिले में करतला क्षेत्र के चचिया से एक घटना सामने आई है जहां एक चलते कार में अचानक आग लगने से कार चालक के आग के चपेट में आने से हुई मौत । राहगीरों ने बताया के घंटों तक कार धू-धू कर जलती रही और चालक कार में ही फंस कर रह गया जिससे कार चालक की मौत हो गई । मिली जानकारी के मुताबिक लुढ़खेता मोहल्ले से कार गुजर रही थी, इसी दौरान कार मे लगी आग । मृतक रायगढ़ जिले के छाल थाना इलाके का रहने वाला था, जिसका नाम जगतराम बेहरा (39) शिक्षक है। जगतराम कार खुद चला रहा था। अंदेशा लगाया जा रहा है के शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लगी है। बताया जा रहा है कि कार में जैसे ही आग लगी चालक किसी तरह वहां से बाहर निकलना चाह रहा था, लेकिन सीट बेल्ट के लगे होने के कारण वह वाहन में ही फंस गया, जिसके कारण आग की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना गांव के कोटवार ने करतला थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष सिंह को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम यूनिट के अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह भी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचे करतला थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि मौके से लाश को बरामद कर लिया गया है। फोरेंसिक और सीन ऑफ क्राइम यूनिट भी किन कारणों से लगी आग उसकी जांच कर रही है । परिजनों को भी उक्त घटना की जानकारी दे दी गई साथ ही परिजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गई है ।



**न्यायालय तहसीलदार-अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202405020700059/**

विषय :-अ-27 मामलों की श्रेणी :- राजस्व सन् :-2023-2024

अंबिकापुर प.ह.नं. 00015 4598/6(0160 हे0)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार -मो.आवेद.मो.जावेद. जाहिद.
अनावेदक पक्षकार -मो.आवेद.मो.जावेद जाहिद.

**ईश्तहार**

आवेदक मो0आबिद आ0 मो0मुख्तार व अन्य निवासी खरसिया नाका अंबिकापुर तहसील -अंबिकापुर जिला -सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम-अंबिकापुर स्थित खसरा नंबर 4598/6रकबा 0.016हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/3अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा -आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईपीएल 2024 में विराट कोहली ने रोहित शर्मा को पछाड़ा



**नई दिल्ली,13 मई 2024।** आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की आईपीएल 2024 में बेहतरीन फॉर्म जारी है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन जड़ने के मामले में भी पहले नंबर पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में भी कोहली ने काफी तेज शुरुआत की, लेकिन जल्द आउट हो गए। वहीं उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस दौरान उन्होंने 13 गेंदों में 27 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 1 चौका और 3 छक्के भी निकले। इसी पारी के साथ कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल में 1057 रन भी पूरी किए। अब इसी के साथ किंग कोहली आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। इनके नाम आईपीएल में इस टीम के खिलाफ1034 रन बाने का रिकॉर्ड दर्ज है। आईपीएल 2024 में विराट कोहली अपनी टीम आरसीबी के खिलाफ पारी की शुरुआत करते हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोहली का बल्ला रन भी बनाता है। मौजूदा सीजन में विराट कोहली ने 12 मैचों में पारियों 66.10 की औसत और 155.16 की स्ट्राइक रे से 661 रन बनाए हैं और वह लीग स बसे ज्यादा रने बनाने के मामले में पहले बल्लेबाजी है।

### चौथे स्थान पर रहे भारत के ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा



**वारसॉ, 13 मई 2024।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहे जबकि मैग्नस कार्लसन ने शीर्ष स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। अंतिम दिन कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से आठ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन के वेई यी अंतिम दिन 2.5 अंक की बढ़त के साथ उतरे थे लेकिन अंतिम नौ बाजियों में पांच ही अंक जुटा सके और दूसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन ने अंतिम दिन सात बाजी जीती और दो ड्रॉ की। उन्होंने कुल 26 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वेई उनसे आधा अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। पोलैंड के डुडा यान क्रिस्टोफ ने 19.5 अंक के साथ तीसरा जबकि प्रज्ञानानंदा ने 19 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

# रोहित शर्मा और जय शाह ने लॉन्च की टीम इंडिया की टी 20 वर्ल्ड कप जर्सी




**नई दिल्ली,13 मई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए एडिडास ने हाल ही में भारतीय जर्सी की झलक सभी के सामने पेश की। वहीं अब बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से जर्सी लॉन्च कर दी है। इस दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और सचिव जय शाह ने नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में जर्सी प्रस्तुत की।

#### टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत का शेड्यूल

भारत बनाम आयरलैंड-5 जून (न्यूयार्क
भारत बनाम पाकिस्तान- 9 जून (न्यूयार्क )
भारत बनाम यूएस- 12 जून (न्यूयार्क )
भारत बनाम कनाडा- 15 जून (फ्लोडि)

#### टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत का पूरा स्क्वायॅड

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान),यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।
रिजर्व- शुबमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।



### घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड लौटे लिविंगस्टोन

**नई दिल्ली,13 मई 2024।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा।''

## टॉम मूडी ने टीम इंडिया पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,13 मई 2024।** टी 20 विश्व कप नजदीक आने के साथ ही पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने सवाल उठाया है कि क्या भारत विश्व कप जीतने के लिए उस स्तर का क्रिकेट खेल पाएगा, जो वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए जरूरी है।
टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में निर्धारित है, जबकि आईपीएल 26 मई को समाप्त होगा।
आईपीएल 2024 के लिए आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट विशेषज्ञ और कमेंटेटर टॉम मूडी ने बताया, ऑस्ट्रेलिया ने ऐतिहासिक रूप से इन आईसीसी प्रतियोगिताओं में बहुत प्रदर्शन किया है क्योंकि वे बड़े टूर्नामेंट अच्छा खेलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत को एक बहुत मजबूत टीम मिली है और उनके पास बहुत सारे मैच विनर हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वे इस टीम को इतने कम समय में स्टेबल बना सकते हैं। आईपीएल के तुरंत बाद वर्ल्ड कप का आगाज होना है और टीम के पास तैयारियों के लिए



ज्यादा समय नहीं होगा। आईपीएल के लीग चरण के समापन के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों का पहला बैच अमेरिका के लिए रवाना होगा।नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी आईपीएल 2024 फाइनल के बाद टीम में शामिल होंगे। इससे कई लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि क्या खिलाड़ी नई परिस्थितियों के साथ इतने कम समय में तालमेल बिठा पाएंगे।
टॉम मूडी ने कहा, इस स्तर पर यह कहना बहुत मुश्किल है, लेकिन मुझे लगता है कि यह विश्व कप जैसा ही होगा। हमें अभी तक यह समझ में नहीं आया है कि अमेरिका में परिस्थितियां कैसी होंगी। वहां ड्रॉप-इन पिचें होंगी। अभी नहीं पता कि वे तेज और उछाल भरी होंगी या स्पिन को सपोर्ट करेंगी या धीमी होंगी। हमें अभी यह समझना होगा कि वे पिचें किस टीम को सूट करेंगी।भारत अपने सभी ग्रुप चरण के मैच अमेरिका में खेलेगा। वह अपने ग्रूप ए मुकाबलों में आयरलैंड, पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से भिड़ेंगे।अगर भारतीय टीम आगे क्वालीफाई करेगी तो उन्हें नॉकआउट चरण के लिए कैरेबियाई देश जाना होगा। हालांकि, वहां की परिस्थितियां भारतीय टीम के लिए काफी हद तक परिचित होंगी।

## फेडरेशन कप के फाइनल्स में खेलेंगे नीरज चोपड़ा और किशोर जेना

**नई दिल्ली,13 मई 2024।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है। दरअसल, इन दोनों ने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डाइमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा क्योंकि वह 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी और वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा, ''वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं। वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे और शीर्ष तीन खिलाड़ी फाइनल में 75 मीटर से ऊपर भाला फेंकने वाले नौ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्ध करेंगे।''

# डबल आईस्मार्ट का टीजर 15 मई को मचाएगा धूम

संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल आईस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।डबल आईस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाथ और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए टीजर रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई,2024 को लॉन्च किया जाएगा। इस दिन अभिनेता राम पोथिनेनी का जन्मदिन भी है।उन्होंने इस रोमांचक घोषणा को साझा करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर राम पोथिनेनी के लुक का एक आकर्षक पोस्टर साझा किया। पोस्टर में राम को चेहरे पर मास्क लगाए पावर-पैक अवतार में दिखाया गया है। बाघ धारी शर्ट और फटी जींस पहने राम एक हाथ में सिगरेट और दूसरे हाथ में पटाखे पकड़े नजर आ रहे हैं। पोस्टर में वह कड़ी नजरें गड़ाए हुए नजर आ रहे हैं। डबल आईस्मार्ट ब्लॉकबस्टर फिल्म आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है। फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर द्वारा किया जा रहा है।फिल्म की शूटिंग कुछ दिन पहले मुंबई में शुरू हुई थी। इस हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर के लिए हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली भी काम कर रहे हैं। डबल आईस्मार्ट तकनीकी रूप से उच्च मानकों के साथ उच्च बजट पर बनाया जा रहा है। निर्माता जल्द ही फिल्म के अन्य कलाकारों और क्रू का खुलासा करेंगे। इस हाई-बजट मनोरंजक फिल्म की शूटिंग वर्तमान में मुंबई में हो रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार भाग ले रहे हैं। टीम जल्द ही फिल्म रिलीज करने की योजना बना रही है, इसलिए वे लगातार इससे जुड़ी कई जानकारियां साझा कर रहे हैं।







## विक्की-सारा की जरा हटके जरा बचके ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 17 मई को होगी स्ट्रीम

जरा हटके जरा बचके 2023 की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। विक्की कौशल और सारा अली खान स्टारर इस रोमांटिक कॉमेडी को दर्शकों ने खूब सराहा। अब, लगभग एक साल के इंतजार के बाद, फिल्म ओटीटी पर अपना प्रीमियर करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आइए जानते हैं फिल्म कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। जरा हटके जरा बचके फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं जिन्होंने यह फिल्म थिएटर में जाकर नहीं देखी उनके लिए यह एक तोहफा है। जी हां जरा हटके जरा बचके अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा ने फिल्म जरा हटके जरा बचके की मोस्ट अवेटेड डिजिटल रिलीज की घोषणा की। फिल्म से एक जबरदस्त ट्रेलर रिलीज करते हुए फिल्म की ओटीटी रिलीज का अनाउंसमेंट किया गया। इस फिल्म में विक्की कौशल और सारा अली ने लीड रोल प्ले किया है। फिल्म की ओटीटी रिलीज का अनाउंसमेंट एक खास ट्रेलर के साथ किया गया। जियो सिनेमा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, सह-परिवार शादी की थी, अब सह-परिवार तलाक भी होगा! तो आप सब तलाक में जरूर आना जरा हटके जरा बचके स्ट्रीमिंग 17 मई से स्पेशल रूप से जियोसिनेमा प्रीमियम पर। जरा हटके जरा बचके सिनेमाघरों में 2 जून 2023 को रिलीज हुई थी। अब फिल्म का एक साल होने वाला है. अब जाकर फिल्म को ओटीटी रिलीज मिली है। यह 17 मई को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगी।

## 17 मई को रिलीज होगा पंचायत 3 का ट्रेलर ? 28 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम वेब सीरीज

साल 2020 में लॉकडाउन के समय लोगों का झुकाव वेब सीरीज की तरफ ज्यादा बढ़ गया। कुछ वेब सीरीज को तो बहुत ही पसंद किया गया और मेकर्स अब उनके आगे के सीजन लेकर आ रहे हैं। उन वेब सीरीज में से एक पंचायत भी है जिसका तीसरा सीजन अब आने वाला है। इसका पहला सीजन 2020 में आया और दूसरा सीजन 2022 में आया था। अब पंचायत का तीसरा सीजन इसी साल 28 मई को रिलीज होने वाला है। पंचायत 3 के पोस्टर से लेकर टीजर तक और रिलीज डेट से लेकर ट्रेलर की रिलीज डेट का इंतजार फैंस को काफी रहा है। अब मेकर्स और कास्ट ने पंचायत 3 का ट्रेलर कब आएगा उसकी तारीख भी बता दी है। चलिए आपको भी वो तारीख बता देते हैं.पंचायत वेब सीरीज को टीवीएफ यानी द वायरल फीवर नाम के प्रोडक्शन में बनाया गया है। इसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पंचायत का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इसके साथ ही कैप्शन में बताया गया, ट्रेलर की तारीफ लॉक हो गई है। पोस्टर के ऊपर लिखा है कि पंचायत 3 का ट्रेलर 17 मई को रिलीज होगा।इस पोस्टर को देखकर आप आने वाली सीरीज की असल कहानी समझ सकते हैं। फिर भी वेब सीरीज देखने में काफी मजा आने वाला है। इसमें सचिव जी और प्रधान की बेटी की लव स्टोरी भी देखने को मिलेगी। वहीं बकासुर और




प्रधान की दुश्मनी भी देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर पंचायत 3 बहुत ही धमाल मचाने वाली है। दीपिक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी पंचायत की तीनो सीरीज लाजवाब रही है। पंचायत 3 आने वाली 28 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। इसमें जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, चंदन रॉय, सांविका और नीना गुप्ता अहम रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंचायत यहीं नहीं रुकेगी बल्कि इसका चौथा पार्ट भी आने वाले एक-दो साल में रिलीज किया जा सकता है।

## पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही एक्शन दृश्यों वाली फिल्मों में काम करूंगा



बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने कहा कि जब तक वह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाते हैं तब तक वह एक्शन पर आधारित फिल्म में काम करने से परहेज करेंगे। उन्हें पिछले साल दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने एंजियोप्लास्टी कराई थी।
इकबाल फिल्म में किरदार निभाने वाले अभिनेता तलपड़े 14 दिसंबर, 2023 को दिल का दौरा पड़ने के बाद अपने आवास पर गिर गये थे, जिसके बाद उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि एक सप्ताह बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।
तलपड़े ने कहा कि वह फिलहाल चीजों को धीमी गति से कर रहे हैं और अपनी नवीनतम फिल्म कर्तम भुगतम की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। तलपड़े ने एक साक्षात्कार में कहा, अभी मेरा इलाज जारी है, इसलिए मुझे सावधानी बरतने की जरुरत है। मेरे डॉक्टर ने कहा है कि अभी तुम्हें पूरी तरह से ठीक होने में छह महीने और लगेंगे। इसलिए मैं अभी इंतजार करुंगा।
उन्होंने कहा, मैं उस समय तक एक्शन दृश्यों वाली फिल्मों में काम नहीं कर सकूंगा। सोहम पी शाह द्वारा निर्देशित 'कर्तम भुगतम' एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म है। यह 17 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जान्हवी और राजकुमार का मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर रिलीज हुआ

### जान्हवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने जीता फैंस का दिल

लंबे इंतजार के बाद, फिल्म निर्माताओं ने आखिरकार मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर जारी कर दिया है। दोनों एक्टर्स फिल्म में मिस्टर और मिसेज माहीमें नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है। ट्रेलर में दोनों के रोमांस, क्रिकेट के प्रति जुनून और जीवन में कुछ करने की प्रेरणा को दिखाया गया है। यह क्रिकेट के प्रति साझा प्रेम रखने वाले एक जोड़े के बीच साझेदारी की कहानी भी दर्शाता है।

### 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

फैंस ने अपना उत्साह व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। एक यूजर ने लिखा, मैं चिल्ला रहा हूं. एक अन्य यूजर ने लिखा, यह साहस और प्रेरणा की एक बड़ी याद है। राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।
फिल्म में अभिषेक बनर्जी, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, जरीना वहाब और पूर्णेंदु भट्टाचार्य भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल 1 मई को पूरी हो गई थी। मिस्टर एंड मिसेज माही का निर्देशन शरण शर्मा द्वारा किया गया है, जिन्होंने गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल से निर्देशन की शुरुआत की थी, जिसमें जान्हवी भी मुख्य भूमिका में थीं। मिस्टर एंड मिसेज माही को हीरू यश जौहर का समर्थन प्राप्त है। वहीं, करण जौहर और अपूर्व मेहता ने धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म का समर्थन किया है। यह फिल्म 2021 की हॉरर थ्रिलर रूही के बाद फिर से जान्हवी और राजकुमार के एक-साथ नजर आएंगे।




इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का निर्देशन गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल के निर्देशक शरण शर्मा ने किया है। मिस्टर एंड मिसेज माही की घोषणा 2021 में की गई थी और इसकी शूटिंग 2022 में शुरू हुई थी। आखिरकार, फिल्म इस महीने के अंत में यानी 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा है जो पूर्व भारतीय क्रिकेटर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित है।

### राजकुमार राव की श्रीकांत हाल ही रिलीज हुई

मिस्टर एंड मिसेज माही के अलावा, राजकुमार को हाल ही में इसी महीने श्रीकांत में देखा गया था, जो उद्योगपति श्रीकांत बोला की प्रेरक यात्रा पर आधारित है। इसके बाद वह श्रद्धा कपूर के साथ स्त्री 2 में काम करेंगे और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आएंगे। दूसरी ओर, जान्हवी के पास वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। वहीं, जूनियर एनटीआर के साथ देवारा के साथ अपना तेलुगु डेब्यू भी करेंगी।

गृह विभाग में पदस्थ सूत्रों के मुताबिक एजेंसियों से जानकारियां मंगाई गई है इसके बाद मामला दर्ज किया जाएगा, सीबीआई ने कई बिंदुओं पर गृह विभाग से जानकारी मांगी

# पीएससी घोटाला मामले में सीबीआई का गृह विभाग से पत्राचार शुरू

## सीबीआइ की जांच जारी,कांग्रेस को सवाल उठाने का अधिकार नहीं : ओपी चौधरी

कांग्रेस के आरोपों पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने प्रदेश के युवा भाई-बहनों के साथ धोखा किया है। भाजपा ने सरकार बनते ही सीबीआई जांच का निर्णय लिया। जांच प्रक्रिया चल रही है। कई लोग घबराए हुए हैं। कई लोगों के देश छोड़ने व भागने की भी खबरें भी आ रही हैं। कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है।

## सीजीपीएससी घोटाला केवल भाजपा का प्रोपेगेंडाःसुशील आनंद

सीजीपीएससी घोटाले के आरोप पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कहा है कि यह सिर्फ भाजपा का प्रोपगेंडा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक हथकंडा था। सच तो यह है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान कोई भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं।भाजपा ने षड्यंत्र पूर्वक पीएससी व सरकार की छवि को खराब करने की कोशिश की। सीबीआई ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। भाजपा ने कहा था कि सीबीआई जांच करवाई जाएगी। किन-किन विषयों पर जांच कराई जा रही है। इन विषयों पर जानकारी सामने आनी चाहिए।

## भाजपा-कांग्रेस में सियासत गरमाई

**पीएससी घोटाले के मामले में भाजपा-कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप**

**पूर्ववर्ती सरकार के कई राजनेताओं व आला अधिकारियों के नाम भी सामने आ रहे...**








**रायपुर,13 मई 2024 (ए)।** पीएससी-2021 की परीक्षा में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई का पत्र व्यवहार शुरू हो चुका है। सीबीआई ने इस मामले में गृह विभाग से पत्राचार किया है, ताकि जांच आगे बढ़ाई जा सके। सीबीआई ने गृह विभाग के माध्यम से कई बिंदुओं पर संबंधित एजेंसियों से जानकारी मांगी है।

इधर पीएससी घोटाले में सीबीआई जांच को लेकर भाजपा-कांग्रेस के बीच सियासत भी गर्म हो चुकी है। गृह विभाग में पदस्थ सूत्रों के मुताबिक एजेंसियों से जानकारियां मंगाई गई है। इसके बाद मामला दर्ज किया जाएगा। पीएससी-2021 घोटाले में तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी व सचिव जीवन किशोर ध्रुव समेत कई संदिग्धों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज किया है। इस मामले में पूर्ववर्ती सरकार के कई राजनेताओं व आला अधिकारियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। सीबीआई को जांच सौंपने के बाद भाजपा ने सीबीआई व राज्य सरकार से मांग की है कि संदिग्धों के पासपोर्ट रद्द किए जाए,क्योंकि आशंका है कि वे जांच शुरू होते ही विदेश भाग सकते हैं। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों व अधिकार क्षेत्र में विस्तार किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएससी घोटाले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गारंटी दी। भाजपा ने इसे अपने घोषणा-पत्र में शामिल किया। विधानसभा के साथ लोकसभा में भी यह मुद्दा गूंजा। 25 अप्रैल को केंद्र सरकार ने मामला सीबीआई को सौंपने के लिए विधिवत अधिसूचना जारी की थी।

## महादेव सट्टा से जुड़े व्यक्ति की धमकी से परेशान कारोबारी ने की आत्महत्या



**रायपुर,13 मई 2024 (ए)।** रायपुर में महादेव सट्टा केस से जुड़े व्यक्ति की धमकी से परेशान कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने महादेव सट्टा का काम करने वाले युवक को 15 लाख उधार देने की बात लिखी है। साथ ही आगे लिखा कि जब उससे जब पैसे मांगे गए तो वो पैसे देने के बदले उसे जान से मारने की धमकी देने लगा।

दरअसल,ये पूरा मामला सिविल लाइन थाना के राजातालाब क्षेत्र का है। मृतक कारोबारी संदीप बग्गा शंकर नगर के सेक्टर-2 का रहने वाला है। संदीप अपने भाई के साथ पुरानी गाड़ी बेचने और खरीदने का काम करता था। 9 मई को उसने कीटनाशक पी लिया था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में परिजनों ने राजधानी के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। रविवार 12 मई को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला

मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला। नोट में आत्महत्या की वजह नितेश मित्तल उर्फ गुप्ता नाम के व्यक्ति को बताया। उसने सुसाइड नोट में लिखा कि कुछ समय पहले 15 लाख नितेश मित्तल को दिए थे। नितेश महादेव सट्टा एप से जुड़ा है और उसका लंबा चौड़ा काम देखता है। उधारी की रकम जब संदीप ने नितेश से मांगी तो वो टाल-मटोल कर घुमाने लगा और नहीं देने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इधर, संदीप के फोन में अलग-अलग नंबरों से फोन आने लगे और जान से मारने की धमकी मिलने लगी। इस बात से संदीप काफी परेशान रहने लगा। 9 मई को उसने कीटनाशक पी लिया। घटना के संबंध में सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पास मिले नोट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। नितेश मित्तल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। साथ ही मामले में जांच जारी है।

## जंगल से 14 नक्सली गिरफ्तार,11 पर था 41 लाख का इनाम




**बीजापुर 13 मई 2024 (ए)।** बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 12 मई 24 को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर मुतवेंडी-पीड़िया की ओर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पीड़िया-मुतवेंडी के मध्य जंगल से विस्फोटक एवं भाकपा नक्सली संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 14 नक्सलियों को पकड़ा गया।

पूछताछ करने पर अपना नाम रेनु कोवासी मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीपीसीएम ईनाम 8 लाख,मंगली अवलम गंगालूर एरिया कमेटी एसीएम ईनाम 8 लाख, बिच्चेम उईका गंगालूर एरिया कमेटी एसीएम ईनाम 5 लाख, शर्मिला कुरसम गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या इनाम 5 लाख, लक्ष्मी ताती गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या इनाम 5 लाख, बबीता हेमला मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीएम इनाम 2 लाख, सावित्री पूनेम मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीएम ईनाम 2 लाख, मैनू ओयाम ऊर्फ लच्छू डिविजन टेलर टीम ईनाम 2 लाख, पायकी माड़वी मिलिट्री कंपनी नंबर 2 सदस्य 2 लाख, टोकलू माड़वी गंगालूर एलओएस सदस्य ईनाम 1 लाख, सन्नू लेकाम डीएकेएमएस अध्यक्ष पीड़िया इनाम 1 लाख, बिच्चेम कुंजाम मिलिशिया प्लाटून सदस्य, लखू पूनेम जीआरडी कमांडर, पाण्डू मुचाकी मिलिशिया डिप्टी कमांडर होना बताया। पकड़े गए नक्सली मिलिट्री कंपनी नंबर 2 एवं गंगालूर एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय होकर कार्यरत है। नक्सलियों से पूछताछ कर मार्ग में आइइडी प्लांट करने के लिए छुपाए गए 4 नग टिफीन बम, 2 नग कुकर बम, डेटोनेटर,कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक एवं प्रतिबंधित भाकपा नक्सल संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, गैती, फावड़ा,सब्बल,पटाखा बरामद किया गया। नक्सलियों के द्वारा पुलिस पार्टी को बड़ा नुकसान पहुचाने की नीयत से पीड़िया- मुतवेंडी मार्ग पर आइइडी प्लांट करने की योजना थी। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



### कांकेर-पंखाजूर में मुठभेड़... तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर/पंखाजूर 13 मई 2024 (ए)।** राज्य के अथक प्रयासों बाद भी नक्सलियों का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन नक्सली जवानों और ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहते है। इसी बीच खबर आ रही है कि एक बार फिर पुलिस और नक्सलियों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई है। जिसमें दो पुरुष और एक महिल नक्सली को जवानों ने ढेर किया है।

## अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने प्रदेश के समस्त जिलों,ब्लाकों में बिलासपुर एसपी के ऊपर कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री,गृहमंत्री के नाम सौंपेगा ज्ञापन

**बिलासपुर के वरिष्ठ पत्रकार गोविंद शर्मा को खबर प्रकाशित करने पर बिलासपुर पुलिस अधीक्षक ने जारी किया है नोटिस**

**पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने खबर प्रकाशन पर पत्रकार से नोटिस जारी कर पूछा है सूत्र वहीं प्रमुख अखबार को मामले में दिया अभयदान**

**बिलासपुर,13 मई 2024 (घटती-घटना)।** बिलासपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा को बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक ने खबर प्रकाशन को लेकर नोटिस भेजा है और जिसका अब अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति विरोध करने का निर्णय ले चुकी है।

बता दें की बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक ने जिले के पत्रकार गोविंद शर्मा को एक नोटिस भेजा है जिसमे पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए गए हैं,प्रकाशित खबर पर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार को ही नोटिस भेजकर यह पूछा है की खबर प्रकाशन के पीछे का सूत्र क्या है जबकि नियमानुसार पुलिस अधीक्षक को मामले में जो समाचार प्रकाशित था को संज्ञान में लेना था और पुलिस की कार्यप्रणाली में जिले के सुधार लाना था खासकर उस संदर्भ में जिस संदर्भ में खबर का प्रकाशन किया गया था। वैसे अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी नोटिस के बाद अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने यह निर्णय लिया है की प्रदेश के प्रत्येक जिले में ब्लॉक में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री,गृहमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे और बिलासपुर पुलिस अधीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करेंगे वहीं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के सदस्य पदाधिकारी स्वयं भी मुख्यमंत्री सहित गृहमंत्री से मिलकर बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करेंगे वहीं यदि ऐसा करने उपरांत ज्ञापन सौंपने उपरांत भी यदि पत्रकार को न्याय नहीं मिलता है और बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक पर कार्यवाही नही होती है तो अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति बिलासपुर में प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री की होगी यह भी ज्ञापन में उल्लेखित होगा। वैसे बिलासपुर के पत्रकार गोविंद शर्मा ने जो खबर बिलासपुर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर प्रकाशित की थी वह खबर यह थी की बिलासपुर के सिपाहियों की आपस मारपीट और शहर में नशे का कारोबार और इसी खबर से पुलिस अधीक्षक को दिक्कत हुई और उन्होंने पत्रकार को नोटिस जारी कर दिया और जवाब मांग लिया। इस संबंध में जानकारी कमलेश स्वर्णकार प्रदेश संयोजक अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने प्रदान की एवम विज्ञप्ति जारी की।






### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं परीक्षा में सफल छात्रों को दी बधाई, असफल स्टूडेंट्स को दिया ये संदेश

**रायपुर 13 मई 2024 (ए)।** सीबीएसई ने सोमवार को कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं. इस साल 10 वीं में 93.60 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं. वहीं 12 वीं में 87.98 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं. नतीजे घोषित होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है. साथ ही असफल छात्रों का हौसला बढ़ाया है। सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, सीबीएसई के 10 वीं और 12 वीं परीक्षा के नतीजे घोषित हुए हैं। यह हर्ष का विषय है कि 12 वीं में 87.98 प्रतिशत परीक्षाफल रहा. सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं. जिन छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे वे निराश न हों. कोशिश करते रहें सफलता एक दिन जरूर कदम चूमेगी।

## 2-2 लाख देने की घोषणा, मजदूरों के टॉपर्स बच्चे होंगे लाभान्वित

**रायपुर 13 मई 2024 (ए)।** पिछले दिनों प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे जारी किये थे। इस सत्र में परिणामों में काफी सुधार देखा गया और छात्रों को पछाड़ते हुए छात्राओं ने टोप्पर्स लिस्ट में बाजी मार ली। 10 वीं कक्षा में परिणाम में जहाँ जशपुर की रहें वाली सिमरन शबा ने 99.50 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश भर में टॉप किया था तो वही 12वीं में महासमुंद की महक अग्रवाल ने 97.40 फ़ीसदी आंका प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसके साथ ही दोनों ही सूचियों में ज्यादातर छात्राओं के नाम थे।

वही इस सूची में 10 छात्र-छात्राएं ऐसे भी थी जिनके पालक श्रमिक हैं। ऐसे में अब उन छात्र-छात्राओं का प्रदेश सरकार की तरफ से सम्मान किया जाएगा। प्रदेश के श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने ऐसे सभी टॉपर्स से फोन पर बात की, उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि उनके विभाग के द्वारा सभी 10 टॉपर्स को प्रोत्साहन स्वरुप दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा। यह चेक उन्हें आचार संहिता के हटते ही दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस राशि में एक लाख रुपये उनके आगे कि पढ़ाई के लिए होगा जबकि शेष एक लाख दो पहिया वाहन के लिए दिया जाएगा।

## रिटायर अधिकारी के बेटे ने नशे में पुलिस को किया परेशान, मोबाइल टावर में चढ़कर किया ड्रामा



**दुर्ग 13 मई 2024 (ए)।** छग दुर्ग जिले से रिटायर हुए एडिशनल एसपी कविलाश टंडन का 31 वर्षीय बेटा लक्की टंडन सेक्टर 8 में बीएसएनएल के मोबाइल टावर में चढ़ गया था। जब भिलाई नगर पुलिस उसे नीचे उतारने पहुंची तो वो इंग्लिश में बात करने लगा। इसके बाद पुलिस उसे थाने लाई और काउंसलिंग करके देर रात छोड़ा गया। भिलाई नगर पुलिस को रविवार रात सूचना मिली थी सेक्टर 8 में बीएसएनएल के मोबाइल टावर में कोई चढ़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ की टीम को फोन किया, लेकिन उनके पहुंचने से पहली वो टावर से नीचे उतर आया।

नीचे उतरने पर पुलिस कर्मियों ने उसे चमकाया तो युवक इंग्लिश में बात करने लगा और पुलिस को कानून का पाठ पढ़ाने लगा। युवक ने अपनी पहचान लक्की टंडन पिता कविलाश टंडन निवासी सेक्टर 8 के रूप में बताई। कविलाश टंडन दुर्ग पुलिस में एडिशनल एसपी के पद पर रहे हैं और अभी रिटायर हो चुके हैं। इसके बाद पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई। यहां उसे देर रात तक काउंसलिंग दी गई और फिर हिदायत देकर उसे छोड़ दिया गया। लक्की काफी पढ़ा लिखा है। उसने पुलिस को बताया वे वेल एजुकेटेड और हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से वकालत की पढ़ाई करके लौटा है। शराब पीने का आदी है। अभी काम की तलाश में है। उसने ओसो की स्टाइल में बड़े बाल और बड़ी डाढ़ी रखी हुई है।

## कार में लगी आगःजिंदा जला शिक्षक

**कोरबा 13 मई 2024 (ए)।** कोरबा में चलती कार में भीषण आग लग गई। इस दौरान आग में जिंदा जलने से शिक्षक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घंटों तक कार धू-धू कर जलती रही। कार चारों तरफ से जलकर खाक हो चुकी है। मामला करतला थाना क्षेत्र के चचिया गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक लुढ़खेता मोहल्ले से कार गुजर रही थी, इसी दौरान कार में आग लगी है। मृतक रायगढ़ जिले के छाल थाना इलाके का रहने वाला था, जिसका नाम जगतराम बेहरा (39) शिक्षक है। जगतराम कार खुद चला रहा था। शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लगी है। बताया जा रहा है कि कार में जैसे ही आग लगी



चालक किसी तरह वहां से बाहर निकलना चाह रहा था, लेकिन सीट बेल्ट के कारण वाहन में ही फंस गया। आग की चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना गांव के कोटवार ने करतला थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष सिह को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम यूनिट के अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह भी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)